“ सत्य केवल उनके लिए ही कड़वा होता है जो लोग झूठ में रहने के आदि हो चुके हो !! ”

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..


● वर्ष- 17 अंक 201 ● कटनी ● बुधवार, 23 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 7 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935



सामांथा रूथ प्रभु ... पेज 7

### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



24 डिसे

दोपहर 12 बजे तक


26 डिसे

बारिश के आसार

# चांद पर आज पड़ेंगे चंद्रयान-3 के कदम

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

चंद्रयान-3 के लिए पूरा देश उत्साह से लबरेज है। 140 करोड़ भारतीयों समेत पूरी दुनिया की निगाहें मून मिशन पर टिकी हैं। आज (बुधवार) शाम भारतीय समयानुसार शाम 6.04 बजे लैंडर विक्रम चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की जाना है । साथ ही भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन जाएगा। इस मिशन पर 600 करोड़ रुपए का खर्च आया है। इसरो 5.20 बजे इस घटनाक्रम का सीधा प्रसारण करेगा। 14 जुलाई को Chandrayaan-3 मिशन के सफल Launch के बाद से ही पूरी दुनिया की नजर चांद पर उसकी लैंडिंग पर टिकी हुई है. इस Mission को सफल बनाने के लिए कई Scientists की दिन-रात की कड़ी मेहनत लगी है, लेकिन अब Chandrayaan-3 इतिहास रचने के बेहद करीब है।





### खगोलशास्त्री ने ISRO पर जताया भरोसा

खगोलशास्त्री प्रोफेसर डॉ आर.सी. कपूर ने बताया कि दुनिया और विभिन्न अंतरिक्ष एजेंसियां चंद्रयान पर नजर रख रही हैं। ISRO दुनिया की सर्वश्रेष्ठ अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है। हमें उम्मीद है कि हम सॉफ्ट लैंडिंग में सफल होंगे...इसके साथ ही इसरो चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग (सफल लैंडिंग) करने वाली चौथी एजेंसी बन जाएगी।

### पर्याप्त धूप मिलेगी लैंडर व रोवर को

लैंडर और रोवर के सोलर पैनल को पर्याप्त धूप यानी एनर्जी मिलेगी। चंद्रमा पर लैंडर के उतरने का समय भी वही तय किया गया है, जब उस हिस्से में सूर्य की पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी। चंद्रमा पर विशालकाय खड्डु बहुत हैं। गहरे गड्ढों में सदियों से सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचा है। इन क्षेत्रों में तापमान माइनस 245 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है।

## 'सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रचने को तैयार, सफल लैंडिंग के लिए दुनियाभर में दुआएं, महाकाल में विशेष भस्मारती

### दक्षिण अफीका से चंद्रयान-3 की लैंडिंग का कार्यक्रम देखेंगे पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी चंद्रयान-3 की लैंडिंग को देखने के लिए दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली ब्रिक्स समिट के बीच से ही जुड़ेंगे। बताया गया है कि पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विक्रम लैंडर की लैंडिंग देखेंगे और वैज्ञानिकों से बात भी करेंगे। इससे पहले चंद्रयान-2 की लैंडिंग देखने के लिए भी पीएम मोदी इसरो के कार्यालय पहुंचे थे।

### चंद्रयान-3 का 1.5 इंच लंबा स्वर्ण माडल बनाया

इस बीच, कोयंबटूर में कलाकार ने चार ग्राम सोने से चंद्रयान -3 का 1.5 इंच लंबा मॉडल डिजाइन किया है। कलाकार मरियप्पन ने कहा कि उन्होंने चंद्रयान परियोजना में शामिल सभी वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए इसे बनाया है। इसे डिजाइन करने में 48 घंटे लगे। इस बीच पूरे देश में लोग चंद्रयान मिशन की सफलता की कामना कर रहे हैं। देशभर में विशेष हवन किए जा रहे हैं।

### शाम 5:27 बजे से शुरू हो जाएगा लाइव टेलीकास्ट

चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग का सीधा प्रसारण किया जाएगा। ढ्ढस्ह्र के अनुसार, इस घटनाक्रम का सीधा प्रसारण 23 अगस्त 2023 को भारतीय समयानुसार शाम 5:27 बजे शुरू किया जाएगा। इसरो की वेबसाइट, इसके यूट्यूब चैनल, इसरो के फेसबुक पेज के साथ ही दूरदर्शन के नेशनल चैनल पर भी प्रसारण होगा। सबकुछ ठीक रहा तो चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर शम 6.04 बजे चंद्रमा की सतह पर उतरने के दो घंटे बाद इसमें से प्रज्ञान रोवर निकलेगा और चंद्रमा की सतह पर घूम कर जानकारी एकत्र करेगा और इसरो तक पहुंचाएगा।खास बात यह है कि चंद्रमा की सतह पर उतरने की पूरी प्रक्रिया विक्रम लैंडर को खुद करना होगी। इस दौरान धरती से कोई निर्देश या मदद नहीं मिलेगी। विक्रम लैंडर में लगे कंप्यूटर, सेंसर और कैमरे तय करेंगे कि कितना फ्यूल इस्तेमाल करते हुए लैंडिंग करना है, किस स्थान पर उतरना है, यदि सतह उतरने लायक नहीं है तो क्या करना है।

### अमेरिका में भी प्रार्थना

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए अमेरिका में न्यू जर्सी के मोनरो में ओम श्री साई बालाजी मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र में प्रार्थना की जा रही है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों का कहना है, यह सभी भारतीय समुदाय के लिए गर्व का क्षण है। उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। चंद्रयान टीम को शुभकामनाएं।

### लैंडिंग की जंग में अकेला नहीं है भारत, NASA और ESA ने भी थामा ISRO का हाथ

चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतरने के लिए तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मौजूदा प्रमुख एस सोमनाथ और पूर्व प्रमुख के सिवन भी लैंडिंग के अंतिम चरण को बेहद जोखिम भरा बता चुके हैं। खबर है कि चंद्रयान 3 को सुरक्षित रूप से चांद पर उतारने में नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन NASA और ESA यानी यूरोपियन स्पेस एजेंसी भी ISRO की मदद कर रहे हैं। खास बात है कि यह समर्थन 14 जुलाई को लॉन्चिंग के बाद से ही भारतीय स्पेस एजेंसी को मिलता रहा है। कैसे मदद कर रहे हैं NASA और ESA कहा जा रहा है कि इन दोनों एजेंसियों के ग्राउंड स्टेशन्स की भूमिक चंद्रयान 3 की लैंडिंग के दौरान काफी अहम हो गई है। ESA के ऑस्ट्रेलिया के न्यू नॉर्सिया स्थित 35 मीटर गहरा स्पेस एंटीना (ESTRACK नेटवर्क के तीसरे ग्राउंड स्टेशन) तैयार किया गया है। इसका मकसद चंद्रयान 3 के चांट पर उतरने की प्रक्रिया के दौरान लैंडर मॉड्यूल को ट्रैक करना और उससे संपर्क साधना है।

### महाकालेश्वर मंदिर में विशेष भस्म आरती

मध्य प्रदेश चन्द्रयान की सफल लैंडिंग के लिए उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में विशेष भस्म आरती की गई।

## » न्यूज गैलरी

### प्रग्नानंदा कर रहे कमाल आज फिर कार्लसन से भिड़ेंगे

बाकू (अजरबैजान) ● ईएमएस
yashbharat.co.in

एक तरफ जहां चंद्रयान-3 का प्रज्ञान चांद की सतह पर कदम रखेगा, वहीं दूसरी ओर भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रग्नानंदा वर्ल्ड नंबर वन मैग्नस कार्लसन से भिड़ेंगे। मंगलवार को दोनों के बीच फिडे चेस वर्ल्ड कप के फाइनल की पहली बाजी ड्रॉ रही।




क्लासिकल फॉर्मेट के गेम में प्रग्नानंदा सफेद मोहरों से खेले। प्रग्ना ने अपने से अधिक अनुभवी और काफी बेहतर रेटिंग वाले कार्लसन के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन 32 साल के कार्लसन ने प्रग्ना को मिडल गेम में घेरने की कोशिश की। हालांकि, 35 चाल के बाद प्रग्ना ने उन्हें ड्रॉ के लिए राजी कर लिया। खिताबी मुकाबले में दो क्लासिकल बाजियां खेली जानी हैं। अब आज इसी फॉर्मेट में कार्लसन सफेद मोहरों से खेलेंगे। अगर यह मुकाबला भी ड्रॉ हो गया तो फिर गुरुवार को टाईब्रेकर में 25-25 मिनट की दो बाजियां खेली जाएंगी। फैसला नहीं होने पर 10-10 मिनट की दो बाजियां फिर होंगी।

### जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का कैंसर से निधन

हरारे ● ईएमएस
yashbharat.co.in

जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी हीथ स्ट्रीक का बुधवार को 49 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें कुछ समय पहले ही कैंसर से पीड़ित पाया गया था। वह चौथी स्टेज के कैंसर से जूझ रहे थे। हीथ स्ट्रीक की हालत तब से ही नाजुक बनी थी। इस साल मई में जिम्बाब्वे



के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि हीथ का दक्षिण अफ्रीका में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति ठीक नहीं है।हीथ ने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत नवंबर 1993 में की थी। उनका पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक वनडे मैच था। इसके बाद दिसंबर 1993 में हीथ ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया। उन्होंने अपना आखिरी वनडे अगस्त 2005 में न्यूजीलैंड के खिलाफ और आखिरी टेस्ट सितंबर 2005 में भारत के खिलाफ खेला था। हीथ ने अपने करियर में सचिन तेंदुलकर को तीन बार और सौरव गांगुली को चार बार आउट किया था। अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के खिलाफ हरारे टेस्ट की पहली पारी में हीथ ने जबरदस्त गेंदबाजी की थी। उन्होंने भारत की आधी टीम को पवेलियन भेजा था। हीथ ने उस मैच की पहली पारी में 32 ओवर में 73 रन देकर छह विकेट झटके थे। हालांकि, उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम इंडिया ने वह मैच 10 विकेट से जीता था।

### पंचकूला मिला बम का शैल, सेना को बुलाया

पंचकूला ● ईएमएस
yashbharat.co.in

हरियाणा के पंचकूला में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जानकारी मिली की शहर में बम का एक शैल मिला है. खबर बढ़ी तो पता चला कि ये एक पुराने बम का शैल है. हालांकि फिर भी ये घटना डरा देने वाली है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पंचकूला के सेक्टर 6 में मनसा देवी



कॉम्पलेक्स है, जहां से ये पुरान बम का शैल बरामद हुआ है.जैसे ही मनसा देवी कॉम्पलेक्स में बम मिलने की जानकारी मिली वैसे ही पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया और तुरंत घटना स्तल पर पहुंचा. हरियाणा पुलिस ने जिस जगह पर बम का शैल मिला है, वहां पुलिस बल तैनात कर दिया. साथ ही साथ इस बम के बारे में भारतीय सेना को जानकारी दे दी गई। इस बम के साथ आगे क्या करना है ये सेना की पड़ताल के बाद ही पता लग सकेगा. पुलिस ने बताया है कि फिलहाल ये बम पूरी रात, यानी मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात हरियाणा की पंचकूला पुलिस की सुरक्षा और निगरानी में ही रहेगा. सुबह जब सेना के अधिकारी यहां आएंगे तो पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## आज शाम हो सकता है मध्य प्रदेश में कैबिनेट विस्तार

### तीन विधायकों को दिलाई जा सकती है शपथ



भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लगभग सौ दिन पहले शिवराज कैबिनेट में कुछ नए मंत्रियों की एंट्री भी हो सकती है। हाल ही में भाजपा द्वारा जिन 39 विधानसभा क्षेत्रों में टिकट घोषित किए गए हैं, उनमें से कुछ में विरोध को साधने के लिए पार्टी हाई कमान जातिगत और भौगोलिक संतुलन बनाने के लिए विंध्य, महाकोशल सहित अन्य क्षेत्र के कुछ विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। इन्हें भोपाल बुला लिया गया है संभवता आज शाम मंत्री मंडल विस्तार हो सकता है। भाजपा मिशन 2023 को जीतने के लिए अब कोई कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहती है, इसलिए कम दिन होने के बावजूद कैबिनेट विस्तार के मुद्दे पर चिंतन चल रहा है। इस चर्चा को और बल तब मिला, जब राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार देर रात अचानक राजभवन पहुंचे। राज्यपाल का मुख्यमंत्री ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों के बीच करीब 10 मिनट तक चर्चा चली। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति से अवगत कराया और फीडबैक दिए। मुख्यमंत्री की राज्यपाल से मुलाकात के बाद अब मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें भी चर्चा में आ गई हैं। अटकलें यह भी चल रही हैं कि नाराजगी दूर करने के लिए भी मंत्रिमंडल में जगह दी जा सकती है। विंध्य क्षेत्र से राजेंद्र शुक्ल, महाकोशल के बालाघाट से गौरीशंकर बिसेन और एक उमा भारती के समर्थक को जल्द ही शपथ दिलाई जा सकती है। राहुल सिंह लोधी उमा भारती के भतीजे हैं और खरगापुर से विधायक हैं, लेकिन उनके खिलाफ हाईकोर्ट द्वारा एक निर्णय में चुनाव शून्य घोषित कर दिया गया था, जो अब अपील में है।



## शिमला में लैंडस्लाइड, सोलन में टूटा पुल, उत्तराखंड में बाढ़ में फंसे 60 लोगों का रेस्क्यू

शिमला ● ईएमएस
yashbharat.co.in

हिमाचल और उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे से तेज बारिश जारी है। जिसके चलते उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में कई घर बाढ़ की चपेट में आ गए। स्ष्ठक्रस्न की टीम ने 60 लोगों को रेस्क्यू किया। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए राज्य में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। उधर हिमाचल में भी बारिश के कारण शिमला में लैंडस्लाइड हो गई। चंडीगढ़-शिमला फोरलेन सोलन के चक्की मोड़ के पास बंद हो गया। वहीं बद्दी में बालद नदी पर बना पुल टूट गया। भारी बारिश और पानी के तेज बहाव के कारण पुल का एक हिस्सा धंस गया। मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए शिमला, हमीरपुर और मंडी जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूल-कॉलेज दो दिन के लिए बंद कर दिए गए हैं। पालमपुर, देहरा, जयसिंहपुर के स्कूल बंद रहेंगे। हिमाचल में बारिश से सैंकड़ों लोग हुए 'बेघर' हिमाचल प्रदेश में बारिश की वजह से सैंकड़ों लोग बेघर हो गए. इस बार मॉनसून की बरसात ने ऐसा कोहराम मचाया है कि लोग रात को अपने घरों में चैन की नींद भी नहीं सो पा रहे हैं. सूबे में 24 जून को मॉनसून की एंट्री हुई थी, तब से प्रदेश में 2220 घर पूरी तरह से जमींदोज हो चुके हैं. जबकि 11 हजार के करीब घरों में दरारें आई हैं. इसी तरह 9819 घरों को किसी ना किसी तरह से नुकसान पहुंचा है।

### रिसर्च : इलाज में क्रांतिकारी बदलाव की आस, खुद से होगा निदान

## प्रेग्नेंसी टेस्ट की तरह अब यूरिन से कैंसर का चलेगा पता

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

प्रेग्नेंसी टेस्ट के लिए जिस तरह एक किट से पता चल जाता है उसी तरह अब कैंसर का पता भी चल जाएगा. यानी लोग प्रेग्नेंसी टेस्ट की तरह यूरिन से कैंसर का पता लगा लगेंगे. बहुत जल्द यह टेस्ट कैंसर के इलाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला देगा. इसके लिए एक किट से सिंपल यूरिन



टेस्ट किया जाएगा और इससे कई प्रकार के कैंसर का पता लगा लिया जाएगा.

दरअसल, अमेरिकन रिसर्चर ने इसके लिए नैनोपार्टिकल सेंसर बनाया है जो बहुत तेजी से कैंसर की जांच कर लेगा. प्रेग्नेंसी टेस्ट के लिए एक किट होता है जिसमें यूरिन की एक-दो बूंद डालनी होती है. इसके कुछ ही सेकेंड बाद दो लाल रेखा बन जाती है. इससे पता चल जाता है कि प्रेग्नेंसी है या नहीं. इसी तरह की नैनोपार्टिकल किट में यूरिन की एक-दो बूंद डाली जाएगी और कुछ ही सेकेंड में इससे पता चल जाएगा कि कैंसर है या नहीं. यानी इंसान इसे खुद भी टेस्ट कर सकते हैं. यह किट बेहद सस्ती भी होगी।

#### नैनोपार्टिकल सेंसर से होगी विभिन्न प्रकार के कैंसर की पहचान

ब्रिटिश वेबसाइट मिरर में छपी रिपोर्ट के मुताबिक इसका सेंसर भी प्रेग्नेंसी किट में लगे सेंसर की तरह ही होगा. यह सेंसर कैंसर वाले प्रोटीन को पहचान लेगा. यह सेंसर विभिन्न प्रकार के कैंसर की पहचान कर लेगा. इतना ही नहीं जब इलाज के बाद अगर दोबारा ट्यूमर उभरता है तो इसका भी यह सेंसर पता लगा लेगा. नैनोपार्टिकल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह ट्यूमर की पहचान कर सके और जब डीएनए सीक्वेंस से उत्सर्जन हो तो इसकी भी पहचान हो सके. यह सब यूरिन में मौजूद होता है. इसलिए जब यूरिन सेंसर में आएगा तो सब कुछ पता चल जाएगा. डीएनए के विश्लेण से मरीज के ट्यूमर के बारे में डिटेल भी पता चल सकेगा।

#### चूहों पर ट्रायल रहा सफल

चूहों पर इस सेंसर का प्रारंभिक ट्रायल किया गया है जो सफल रहा है. चूहों पर किए गए ट्रायल में ट्यूमर से निकले पांच अलग-अलग एंजाइम की गतिविधियों का पता लगाया गया है. अब इंसानों पर इसका क्लिनिकल ट्रायल किया जाएगा. इस नैनोपार्टिकल सेंसर को मेसाच्यूसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (स्ढ्ढञ्ज) के इंजीनयरों ने डिजाइन किया है. इससे कई प्रकार के कैंसर प्रोटीन की पहचान हो सकती है. दरअसल, जब कोई सेल्स कैंसर सेल्स में तब्दील हो जाता है तो वहां से डीएनए का छोटा सीक्वेंस वहां से निकलता है और यह पेशाब के रास्ते उत्सर्जित हो जाता है।

### पलक झपकते ही 10 साल की कमाई गायब

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

**पेमेंट रिडायरेक्ट स्कैम में कपल ने गंवाए 2 करोड़ रुपये**

साइबर क्राइम आजकल काफी बढ़ चुके हैं। स्कैमर्स ने कई अलग-अलग तरीके निकाले हैं लोगों से पैसा ऐंठने के लिए। हाल ही में एक नया मामला सामने आया है जिसमें बताया गया है कि साइमन एल्विंस और उनकी पत्नी की 10 साल की पूंजी स्कैमर्स ने लूट ली। ये कपल न्यू साउथ वेल्स में अपना पहला घर खरीदकर काफी उत्साहित थे। लेकिन इनकी खुशी दुख में तब बदली जब ये पेमेंट रिडायरेक्ट स्कैम का शिकार हुए।मई महीने में, साइमन को अपने कन्वेन्सर से उनकी ब्लू माउंटेंस प्रॉपर्टी के लिए शुरुआती होम डिपॉजिट के लिए एक इनवॉइस प्राप्त हुआ। ईमेल में दिए गए निर्देश के अनुसार, उन्होंने तुरंत 274,311 (लगभग 2 करोड़ रुपये) के दो ट्रांसफर कर दिए। इसकी पुष्टि का कोई मैसेज नहीं आया। कन्वेयरर्स और रियल एस्टेट एजेंट से संपर्क करने पर पता चला कि साइमन के साथ स्कैम हुआ है। साइबर क्रिमिनल्स ने ईमेल को इंटरसेप्ट किया था। इनवॉयस अकाउंट की डिटेल्स को बदल दिया गया था। उनके पूरे पैसे को चुरा लिया गया।

**आयोजन** — तेंदूपत्ता संग्राहकों को पहनाई चरण पादुकाएं और भेंट की पानी की बॉटल

## गरीब परिवारों की जिंदगी बदलना है मिशन : मुख्यमंत्री

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए है। मध्यप्रदेश की धरती पर कोई भी गरीब जमीन के बिना नहीं रहेगा। प्रदेश में मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना का क्रियान्वयन जारी है। शिवपुरी में 27 हजार लोगों को पट्टे उपलब्ध कराए गए हैं। यदि कोई छूटा होगा तो उसे भी भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। शीघ्र ही पोहरी के बैराड़ में महाविद्यालय आरंभ किया जाएगा। वे आज पोहरी जिला शिवपुरी में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने जल, जंगल और जमीन के मामलों में जनजातीय भाई-बहनों के सशक्तिकरण का नया शंखनाद किया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का जीवन सरल बनाने के लिए चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को जूते, चप्पल, साड़ियां, पानी की बॉटल, छाता तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर एवं ग्वालियर के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 88,748 जोड़ी जूता, 89,159 जोड़ी



चप्पल, 90,440 नग पानी की बोतल एवं 1,14,595 नग साड़ी का वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनजातीय नृत्य और संगीत के बीच पुष्प-वर्षा कर हितग्राहियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने 77 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमती कांति बाई और श्रीमती ममता को प्रतीक स्वरूप चरणपादुका पहनाकर, साड़ी और पानी की बॉटल सौंप कर, सामग्री वितरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के वन मंत्री डॉ. विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़ तथा अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हर जरुरतमंद परिवार को मिलेगा आवास , कोई नहीं रह पाएगा वंचित

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में गरीब कल्याण का महाअभियान जारी है। शीघ्र ही प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराएंगे। प्रदेश में हर जरूरतमंद परिवार को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जो परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटेंगे, उन्हें मुख्यमंत्री जन आवास योजना में मकान बनाने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में कोई भी परिवार आवास से वंचित नहीं रहेगा।

### गरीब परिवारों की जिंदगी बदलना है मिशन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब परिवारों की जिंदगी बदलना हमारा संकल्प है। पढ़ाई, इलाज, विवाह में सहायता की व्यवस्था हमारी सरकार द्वारा की गई है। जो युवा काम सीखना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू की जा रही है। काम सीखने के दौरान युवाओं को 8 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी उपलब्ध कराया जाएगा। पढ़ाई में विद्यार्थी आगे बढ़ें, इसमें प्रोत्साहन और सहयोग के लिए विद्यार्थियों को साइकिल और स्कूटी उपलब्ध कराई जा रही है। बहन-बेटियों के सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह उन्हें एक हजार रुपए उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। तीर्थ-दर्शन योजना में परिवार के बुजुर्ग व्यक्तियों को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा कराने की व्यवस्था की गई है। पिछली सरकार ने जन- कल्याण की गई योजनाएँ बंद कर दी थीं।

## चोरी के संदेह में महिला को निर्वस्त्र कर पीटा

अगरतला ● ईएमएस
yashbharat.co.in



चोरी के एक मामले के बाद अगरतला के बाहरी इलाके में लोगों के एक समूह ने एक महिला को निर्वस्त्र कर दिया, उसे और उसके किशोर बेटे को पीटा। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की है। स्थानीय लोगों के हवाले से पुलिस ने बताया कि रविवार को अगरतला के बाहरी इलाके शानमुरा में तीन किशोरों ने ड्रग्स खरीदने के लिए कथित तौर पर एक दुकान से पैसे चुराए। कुछ युवकों ने तीनों को बंधक बना लिया था और बाद में उनमें से दो को छोड़ दिया था।सोमवार को एक ग्राम पंचायत सदस्य के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने नाबालिग और उसकी मां को बुलाया। दोनों के आने पर कुछ युवकों ने कथित तौर पर महिला और उसके बेटे को निर्वस्त्र कर दिया और बुरी तरह पीटा।बाद में पुलिस ने महिला और उसके बेटे को बचाया और उन्हें अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया।

» न्यूज गैलरी

## मतदाता जागरूकता गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार करने सौंपे दायित्व

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर नें एक आदेश जारी कर आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु स्वीप गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार करने के संबंध जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को लेटर पेड में ''वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है'' अनिवार्य रूप से प्रिंट करानें के साथ ही प्रत्येक कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र, अस्पताल पर्ची, एम.पी.ई.बी के बिल में आवक सील में भी उपरोक्त नारे की अनिवार्य रूप से सील लगाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही प्रत्येक शासकीय कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित करनें एवं मतदाता जागरूकता हेतु कार्ययोजना तैयार करनें हेतु निर्देशित किया गया है। समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर कार्यालयों मे प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में स्वीप कमेटी का गठन करने एवं स्वीप गतिविधियों के साप्ताहिक कार्यवाही विवरण जारी कर क्षेत्र में संचालित केन्द्र सरकार एवं पी.एस.यू में वोटर अवेयरनेस फोरम एवं मतदाता जागरूकता गतिविधियां का आयोजन करने के निर्देश दिए है।

## रजिस्टर तथा साक्ष्यों के फोल्डर के रखरखाव एवं व्यय में मदवार प्रविष्टि करने हेतु दल का गठन

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद नें विधानसभा चुनाव 2023 निर्वाचन हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक अभ्यर्थी के छाया प्रेक्षण रजिस्टर तथा साक्ष्यों के फोल्डर के रखरखाव सहित व्यय में मदवार प्रविष्टि करनें हेतु आदेशित किया है। कलेक्टर द्वारा अधिसूचित दरों अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी के मदवार कुल व्यय की गणना तथा सहायक व्यय प्रेक्षक के मार्ग दर्शन में निर्वाचन व्यय मॉनीटरिंग संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु विधानसभा क्षेत्रवार व्यय लेखा टीमें गठित की गई है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा बड़वारा -91 हेतु लेखा टीम का प्रभारी अधिकारी संजय गौंटियां सहायक वाणिज्य कर अधिकारी वृत्त-2 के साथ दो कर्मचारियों को संलग्न कर कार्यक्षेत्र रिर्टनिंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र बड़वारा का कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी नियत किया गया है। विघानसभा 92 विजयराघवगढ़ हेतु लेखा टीम का प्रभारी अधिकारी चंद्रशेखर मरकाम सहायक वाणिज्य कर अधिकारी के साथ दो कर्मचारी संलग्न कर इनका कार्य स्थल रिर्टनिंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ का कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी नियत किया गया है।

## 748.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 19 अगस्त की प्रातः तक की अवधि तक कुल 748.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 500.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 248.1 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 698.4 मिलीमीटर, रीठी में 787.8 मिलीमीटर, बड़वारा में 731.0 मिलीमीटर, बरही में 658.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 575.0 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 632.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# कोविड के दौरान बेसहारा हुए बच्चों की मदद के लिए कलेक्टर को सौंपा 4 लाख 80 हजार का चैक

### आडानी फाउंडेशन कैमोर सीमेंट वर्क्स के सराहनीय प्रयास





**कैमोर,यभारत।** कोविड की विश्वव्यापी महामारी के दौरान देश में अनेक छोटे-छोटे बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया था। पिता की आकस्मिक मौत के बाद इन बच्चों की परवरिश और पढ़ाई-लिखाई प्रभावित न हो इसे देखते हुए केन्द्र सरकार ने इन बच्चों की आर्थिक मदद के लिए अटल बाल मित्र योजना शुरू की थी, जिसके तहत औद्योगिक संस्थानों एवं संगठनों से सहायता लेकर इन बच्चों तक पहुंचाई जाती है। इसी योजना के तहत गत दिवस आडानी सीमेंट के चीफ मैन्यूफैक्चिरिंग ऑफीसर सेंट्रल वैभव दीक्षित के मार्गदर्शन में आडानी फाउंडेशन कैमोर सीमेंट वर्क्स द्वारा 4 लाख 80 हजार रूपए की सहायता राशि का चेक कलेक्टर को सौंपा गया।

कार्यक्रम के दौरान आडानी फाउंडेशन की द्रोण परियोजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रदेश और राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा से विजेता का खिताब जीतने वाले युवाओं ने भी कलेक्टर से भेंट की। कलेक्टर ने आडानी फाउंडेशन की द्रोण परियोजना की सराहना करते हुए खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।
अदाणी फाउंडेशन कैमोर सीमेंट वर्क्स की टीम ने सोमवार को कलेक्टर अवि प्रसाद से भेंट कर कोविड महामारी के दौरान अपने पिता को खो चुके विजयराघवगढ़ ब्लॉक के 20 बच्चों हेतु अटल बाल मित्र योजना' के अंर्तगत 4 लाख 80 हजार रूपये का चेक सौंपा गया। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद से अदाणी फाउंडेशन कैमोर के अंतर्गत संचालित द्रोणा परियोजना के माध्यम से खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कटनी जिले का नाम रोशन कर रहे कैमोर क्षेत्र के लगभग 25 युवाओं ने मुलाकात की। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। साथ ही इन प्रशिक्षण देने वाले कोच का भी सम्मान किया। उक्त परियोजना सहयोगी नाद गुंजन कला परिषदए कटनी के सहयोग से संचालित की जा रही है। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नयन सिंह जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी विजय भार, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाल सहित अदाणी फाउंडेशन कैमोर से श्रीमती ऐनेट एफविश्वास, पंकज द्विवेदी, मनोज चौबे, सीके गुप्ता के साथ नाद गुंजन कला परिषद के स्पोर्ट्स कोच अनूप श्रीवास, वंदना डेविड, सतेंद्र सिंह, जितेश विश्वकर्मा, रसूल मज़गूल और कृष्णा परौहा उपस्थित थे।

### निजी स्पॉन्सरशिप योजना के तहत स्वीकृत हुए प्रकरण

अपने माता पिता को खो चुके अनाथ बच्चों के जीवन में उम्मीदों की रोशनी बिखेरने में जुटे कलेक्टर अवि प्रसाद जिले की तीन और बेसहारा बच्चों के जीवन का सहारा बने हैं। उन्होंने इन तीनों बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए निजी स्पॉन्सरशिप योजना के तहत दो हजार रूपये प्रतिमाह सहायता राशि का प्रकरण स्वीकृत कर इन्हें उक्त राशि की पहली किश्त सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट में प्रदान कराई है। इस दौरान उनके संरक्षकों की भी उपस्थिति रही।

### बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में नहीं आए बाधा

अपने माता पिता में से किसी एक को खो चुके 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के भरण पोषण और शिक्षा में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए इसके लिए बाल संरक्षण अधिनियम 2015 अंतर्गत उन्हें सहायता राशि प्रदान करने के लिए निजी स्पॉन्सरशिप योजना का संचालन महिला एवम् बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। इस योजना को जिले में और अधिक प्रभावी बनाते हुए संवेदनशील कलेक्टर द्वारा औद्योगिक घरानों के सीएसआर मद से ऐसे बच्चों को बालिग होने तक आर्थिक सहायता मुहैया कराने का प्रावधान किया गया है। जिससे आर्थिक तंगी किसी भी बेसहारा बच्चे की प्रगति की राह में रोड़ा न बन सके।

### इन बच्चों को मिली सहायता राशि

नयन सिंह ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर विकासखण्ड रीठी के तीन प्रकरणों बकलेहटा निवासी 14 वर्षीय आरती लोघी संरक्षक मुन्नी बाई एवं 13 वर्षीय शालिनी लोघी संरक्षक हरिशंकर लोघी के साथ ही कुपिया ताह निवासी 8 वर्षीय बालक अवधेश सिंह संरक्षक कमला बाई का प्रकरण तैयार कर उक्त योजना के तहत स्वीकृत किया गया। तीनों बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए संरक्षकों को 2-2 हजार रूपए की सहायता राशि प्रतिमाह उनके बैंक खातों के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

प्रारूप छः 3
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास महिला बहुउद्देशीय सहकारी सोसायटी मर्यादित पहरिया जिला कटनी पंजीयन क्रमांक 125916
क्रमांक/नि.अ./ 2023/01 सूचना दिनांक- 21.08.2023
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन को साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल क्रं./सह./नि./प्रा./निर्वाचन-1/2023/6217 दिनांक 11.08.2023 के पालन में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय कटनी विकासखण्ड कटनी एवं कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 21.08.2023 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 21.08.2023 से दिनांक 29.08.2023 तक सोसायटी कार्यालय या कार्यालय कटनी मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 29.08.2023 को दोपहर11 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।
(बैबी नैना मेहरा) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित पहरिया पं.क्रं.125916

सूचना
मैं अंजना बाई चौबे पति श्री शिवप्रसाद आयु लगभग 47 वर्ष निवासी दुर्जनपुर, तहसील-विजयराघवगढ़ जिला कटनी म.प्र. की शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं कि उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। मेरे नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा विजयराघवगढ़ में खाता क्रमांक- 30669933943 संचालित है, जिसमें मेरा नाम ( MR. ANJANI W/O SHIV PRASAD ANJANI) दर्ज चला आ रहा है। मेरे आधार कार्ड क्रमांक-2860 0912 6402 में मेरा नाम -अंजना बाई चौबे ( ANJANA BAI CHAUBE W/0 SHIV PRASAD ) दर्ज है। मैं अपने उपरोक्त बैंक खाता क्रमांक-30669933943 में अपना नाम अपने आधार कार्ड में अंकित नाम अंजना बाई चौबे ( ANJANA BAI CHAUBE W/O SHIV PRASAD ) दर्ज किये जाने के संबंध में यह सूचना प्रकाशित है।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

## विभागीय स्तर पर सीएम हेल्पलाइन का रिव्यू करें अधिकारी

**कटनी,यशभारत।** समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद ने विभागीय समीक्षा करते हुये अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का सभी डिपार्टमेन्ट सतत् रुप से रिव्यू करें। कार्यालय प्रमुख, अधिकारीवार रिव्यू करें और शिकायतों का निराकरण करते हुए जिले को ए ग्रेड में लानें का प्रयास करें।

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

प्रारूप छः 3
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नर्मदा महिला बहुउद्देशीय सहकारी सोसायटी मर्यादित रोहनिया जिला कटनी पंजीयन क्रमांक 126148
क्रमांक/नि.अ./ सूचना दिनांक- 21.08.2023
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक **आगामी आदेशानुसार** को साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय कटनी विकासखण्ड कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 21.08.2023 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 21.08.2023 से दिनांक 28.08.2023 तक सोसायटी कार्यालय या कार्यालय ग्राम रोहनिया मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 29.08.2023 को दोपहर12 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।
(ए.पी. शुक्ला) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नर्मदा महिला बहुउद्देशीय सहकारी सोसायटी मर्यादित रोहनिया वि.गढ़ कटनी (म.प्र.)


सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज 18 अगस्त से रोजाना 5 शो
ओएमजी-2
कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, पवन मल्होत्रा, अरूण गोविल आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
09.00 AM (AUDI-2)
12.00 PM (AUDI-2)
03.45 PM (AUDI-3)
06.45 PM (AUDI-3)
09.45 PM (AUDI-2)
Tickets Available on Book My Show



प्रारूप छः 3
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सूरज महिला बहुउद्देशीय सहकारी सोसायटी मर्यादित टिकरिया जिला कटनी पंजीयन क्रमांक 118325
क्रमांक/नि.अ./ 2023/01 सूचना दिनांक- 21.08.2023
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन को साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल क्रं./सह./नि./प्रा./निर्वाचन-1/2023/6201 दिनांक 11.08.2023 के पालन में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय कटनी विकासखण्ड कटनी एवं कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 21.08.2023 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 21.08.2023 से दिनांक 29.08.2023 तक सोसायटी कार्यालय या कार्यालय कटनी मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 29.08.2023 को दोपहर11 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।
(एस.के.जैन) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सूरज महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित टिकरिया प.क्रं. 118325

सूचना
मैं श्रीमति राधा उपाध्याय पत्नि रामविजय उपाध्याय उम्र 49 साल निवासी शाहनगर जिला पन्ना की मूल निवासी हूँ तथा शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों एवं निजी दस्तावेजों में मेरी जन्मतिथि 02.04.1974 लेख है एवं मेरे पति रामविजय उपाध्याय पिता सुदामा प्रसाद उपाध्याय के सैनिक रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 04.05.1974 लेख हो गया है जिसका सुधार कर मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर मेरी जन्म तिथि 02.04.1974 लेख किया जाए जो सत्य एवं सही है। मेरी जन्मतिथि को 04.05.1974 के स्थान पर मेरे पति राम विजय उपाध्याय के सैनिक रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि 02.04.1974 सुधार किए जाने वास्ते यह सूचना प्रकाशित है।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
18 अगस्त से रोजाना 10 शो
गदर-2
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
09.00 AM (AUDI-1)
09.15 AM (AUDI-3)
12.15 PM (AUDI-1)
12.30 PM (AUDI-3))
03.00 PM (AUDI-1)
03.30 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-1)
09.45 PM (AUDI-3)
10.15 PM (AUDI-1)
Tickets Available on Book My Show



प्रारूप छः 3
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रगति महिला बहुउद्देशीय सहकारी सोसायटी मर्यादित शाहपुर जिला कटनी पंजीयन क्रमांक 117913
क्रमांक/नि.अ./ 2023/01 सूचना दिनांक- 21.08.2023
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन को साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल क्रं./सह./नि./प्रा./निर्वाचन-1/2023/6515 दिनांक 11.08.2023 के पालन में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय कटनी विकासखण्ड कटनी एवं कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 21.08.2023 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 21.08.2023 से दिनांक 29.08.2023 तक सोसायटी कार्यालय या कार्यालय कटनी मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 29.08.2023 को दोपहर11 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।
(शैलेश सिंह) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रगति महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर प.क्रं. 117913


डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पताः- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com

50% तक की छूट
Campus
Lakhani
Redchief
Spark
सपरिवार पधारे नई से नई वैरायटी का प्रतिष्ठान
299/- लेडीज वैरायटी का खजाना
पावना कलेक्शन
स्टेशन रोड कटनी



डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल अध्ययन केन्द्र क्रं.570
मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम क्रं. 34 वर्ष 2011 के द्वारा स्थापित एवं संचालित राज्य विश्वविद्यालय
बुनियादी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ
मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द
योग्यता / Eligibility 12th पास/स्नातक/स्नातकोत्तर
समय अवधि / Duration 1 Year
आयु / Age बंधन नहीं
छात्र अध्ययन के दौरान चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण Diploma/ PG Diploma in Basic Health Care
प्राथमिक चिकित्सा उपचार Diploma in First Aid Treatment
हॉस्पिटल मैनेजमेंट Diploma in Hospital Management
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा Diploma in Hospital Management
उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना स्वयं का प्राथमिक चिकित्सा उपचार केन्द्र खोल सकते हैं।
नोट :- 1. समस्त प्रक्रिया आवेदन, प्रवेश शुल्क आदि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से होगी।
सिटी अपेक्स कम्प्यूटर राजीवगांधी वार्ड सत्यनारायण मंदिर के सामने, कटनी मो. योगेश पाण्डे 9424961722, कपिल द्विवेदी 9827076651


डॉ.दीपक सक्सेना


डॉ.शोभना सक्सेना

SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध विभाग-कान, नाक एवं गला, दंत रोग, एडवांस एंडोस्कोपी यूनिट, मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग, निश्चेतना, अस्थि रोग, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316





» न्यूज गैलरी

## कन्हवारा में अधूरी सड़क बनी समस्या

**कटनी, यशभारत।** कन्हवारा क्षेत्र में अधूरी सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। बारिश में आवागमन मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व इस रोड का निर्माण बर्मन मोहल्ले तक ही किया गया था बाकी सड़क छोड़ दी गई है। कीचड़ के बीच से बच्चों का स्कूल पहुंचना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ग्राम पंचायत व विधायक से समस्या निराकरण की मांग की जा चुकी है लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीण राजकुमार कुशवाहा, नरेंद्र, दीपक, आसाराम साहू, लल्ला, दशरथ कुशवाहा, नरेश, धनीराम, राजेश कुशवाहा, सपना कुशवाहा, आशा, अनिता, श्याम बाई सहित अन्य ने सड़क निर्माण कराने की मांग की है।


## छात्र छात्राओं को सफल उद्यमी के बताए गुण

**कटनी, यशभार।** शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी में विश्व उद्यमिता दिवस पर आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने छात्र छात्राओं को अपने विचारों से अवगत कराया। सफल उद्यमी के गुणों को बताते हुए एक सफल उद्यमी कैसे बना जा सकता हैए जिसके संबंध में अवगत कराया। इस दौरान प्राचार्य रतिराम अहिरवार, पंकज मिश्रा, भूपेंद्र शुक्ला, डॉ नीता मिश्रा, नमन अवस्थी, डॉ अंकुर ओमर, डॉ रविता सिंह, रश्मि सिंह, चंदन यादव के साथ महाविद्यालय के छात्रों की उपस्थिति रही।

# स्कूलों को भेजी जाएगी बोर्ड पेपर की ऑनलाइन लिंक

**नकल रोकने की कवायद** | **स्कूल संचालकों द्वारा कम्प्यूटर व प्रिंटर्स की मदद से छात्रों को दी जाएगी पेपर की कॉपी**

*कटनी, यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल कक्षा दसवीं और हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं में होने वाली नकल पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार के साथ ही माशिमं द्वारा तरह-तरह के प्रयास किए जाते रहे हैं, लेकिन इन प्रयासों को अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। परीक्षा आयोजित होने में भले ही अभी 6 महीने से ज्यादा का वक्त हो, लेकिन माशिमं ने नकल पर रोक लगाने के लिए अभी से कवायद शुरू कर दी है।*



शिक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नकल रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल अब दसवी और बारहवीं के पेपर ऑनलाइन भेजेगा। इसके लिंक स्कूल संचालकों को भेजे जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर कम्प्यूटर व प्रिंटर्स की मदद से इसकी कॉपी निकाली जाएगी। यही विद्यार्थियों को दी जाएगी। बोर्ड का दावा है कि इससे पर्चा लीक होने का खतरा खत्म हो जाएगा। इससे पुलिस की निगरानी में भोपाल से प्रश्न-पत्रों को जिलों तक भेजने का खर्च भी खत्म होगा, हालांकि इस निर्णय पर कब तक मुहर लगेगी और इसे कब से लागू किया जाएगा, यह अभी तय नहीं किया गया है। जानकारों का कहना है कि ऐसा करने से नकल कैसे रुकेगी, ये साफ नहीं है। इससे सिर्फ बोर्ड की परेशानी कम होगी और स्कूलों की परेशानी बढ़ जाएगी। यदि कोई निजी स्कूल संचालक लिंक डाउनलोड कर बच्चों को पहले ही पेपर दे देता है तो इसे कैसे रोका जाएगा।

**इनका कहना है**

माध्यमिक शिक्षा मंडल की इस नई व्यवस्था की अब तक जानकारी नहीं मिली है और न ही कोई निर्देश आए हैं। पिछले कुछ सालों से नकल पर रोक लगाने के लिए सख्ती से प्रयास किए जाते रहे हैं। इस व्यवस्था के लागू होने से काफी फायदा मिलेगा।

**-पृथ्वी पाल सिंह**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

## मुख्य मार्ग पर आवारा पशुओं का जमघट

**आवागमन बाधित, भारी वाहनों के हो रहे शिकार**

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** नगर परिषद विजयराघवगढ़ क्षेत्र में इन दिनों हजारो आवारा मवेशियों का रात्रि में मेन रोड में डेरा जमा रहता है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो वही एसी सी, एवरेस्ट कम्पनी के वाहनों की लगातार आवाजाही से प्रतिदिन इन मूक पशुओं की असमय मौत भी होती रहती है। पशुओं के आपस मे लड़ने व सड़क में गोबर के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक चोटिल होते है, साथ ही इतनी अधिक संख्या में जहां ये मवेशी पहुचते है। फसल नष्ट कर देते है। इसके पूर्व भी नगर के लोगों द्वारा जिला एवं स्थानीय प्रशासन से आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए हाका गेंग के माध्यम से व्यवस्था कराने व शो पीस बने गोशालाओं में भेजने मांग की गई थी, किन्तु मामला सिफर रहा, जबकि पूर्व में लाखों की लागत से वाहनों की खरीदी भी की गई थी, किंतु उन वाहनों का उपयोग न होने के कारण वे भी जंग कहा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अविलम्ब आवारा पशुओं पर लगाम लगाने ठोस पहल की जाए।



## तय स्थान पर नहीं खड़ी हो रहीं बसें

**नवीन बस स्टैंड में अव्यवस्थाओं के चलते परेशान हो रहे यात्री**

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** करीब एक करोड़ 86 लाख की लागत से बने नगर के नवीन बस स्टैंड परिसर में बसों को खड़े करने की जगह नहीं मिल रही है। स्टैंड परिसर में जगह-जगह दुकानदारों द्वारा कब्जा कर व्यापार किया जा रहा है, जिसके चलते बसें निर्धारित स्थान पर खड़ी नहीं हो पा रही हैं। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड का शुभारंभ हाल ही में किया गया है। शुभारंभ होने के बाद नगरवासियों को उम्मीद थी कि अब बसें निर्धारित व सुरक्षित स्थान पर खड़ी होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। आलम यह है कि बसों को स्टैंड के अंदर जाने का रास्ता भी नहीं मिल रहा है। बसें निर्धारित स्थान पर खड़ी न होने के कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। कटनी, कैमोर, मैहर, कारीतलाई, बरही, सतना की ओर जाने वाली बसें सड़कों व दुकानों के सामने मेन रोड पर ही खड़ी हो रही हैं। बस ड्राइवरों का कहना है कि अंदर जाने में रिस्क है। दुर्घटना की आशंका के चलते अंदर नहीं जा सकते।

# स्कूल के बाजू से हो रहा था सीएम राइज की बिल्डिंग का काम

**स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव ने जताई नाराजगी, निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर लगाई फटकार**

**कटनी, यशभारत।** स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी ने मंगलवार को कटनी पहुंचकर झिंझरी स्थित सीएम राइज व मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेरक उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सीएम राइज स्कूल में सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी दिखी और हर तरफ गंदगी ही गंदगी नजर आई। जिस पर उन्होंने दिन में कम से कम चार बार सफाई करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव के साथ भोपाल से लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक डीएस कुशवाहा भी निरीक्षण पर साथ थे। भोपाल से आए अधिकारियों ने झिंझरी स्थित सीएम राइज व मॉडल स्कूल का जायजा लेते हुए बच्चों से संवाद किया। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक की सभी कक्षाओं में दो घंटे तक बारीकी से स्कूल की पढ़ाई का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों की कॉपी चेक की व लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। बच्चों से संवाद करते हुए अधिकारियों ने बच्चों से चर्चा की व उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा।



अधिकारियों ने किया सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण

**चार-चार कर्मचारी होने के बाद भी सफाई व्यवस्था में लापरवाही, कहा : दिन में चार बार की जाए सफाई**

निरीक्षण के दौरान व्याप्त अव्यवस्थाओं से अधिकारी असंतुष्ट दिखे। प्रमुख सचिव ने कहा कि चार-चार सफाई कर्मचारी होने के बाद भी परिसर गंदा है। पोछा नहीं लगाया जा रहा है। डस्टबिन भी नहीं रखे हैं। कक्षाओं में पुताई नहीं की गई। पर्दे भी नहीं लगे थे। निरीक्षण के दौरान डीईओ पी पी सिंह, डीपीसी के के डेहरिया, एपीसी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे, जबकि प्राचार्य अवकाश पर थे।

**ठेकेदार से कहा : समय पर पूरा करें बिल्डिंग का काम**

प्रमुख सचिव ने सीएम राइज की निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार को समय पर काम करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य में पाया गया कि स्कूल की बिल्डिंग से सटकर काम कर रहे हैं, वहां पर पार्टिशन करने के लिए कहा, ताकि बच्चे वहां न जाएं और कोई दुर्घटना न हो। ठेकेदार ने तत्काल पार्टिशन कराया। शिक्षकों को कहा कि बच्चों की कॉपी को गंभीरता से चेक करें। यदि बच्चे कुछ गलत लिख रहे हैं तो उसे ठीक करवाएं। बच्चों के संपूर्ण विकास पर शिक्षक ध्यान दें। जिला शिक्षा अधिकारी को भी स्कूलों की ठीक से निगरानी के निर्देश दिए।

# भक्तिभाव से मनाया गया नागपंचमी चौरसिया दिवस

**उमरियापान में नाग देवता, चिहुटिया महाराज की पूजा अर्चना से शुरू हुआ कार्यक्रम, शोभायात्रा निकली**

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में नागपंचमी चौरसिया दिवस पर्व उत्साह से मनाया गया। चौरसिया समाज के लोगों ने सुबह से पान बरेजों, खेत और चिहुटिया के स्थान पहुंचकर नागबेल को दूध नारियल अर्पण कर पूजा अर्चना की। दोपहर 12 बजे मंडी प्रांगण में एकत्रित होकर ढोल नगाड़ों के साथ कारीगर के यहां नागदेवता की प्रतिमा लेकर मंडी प्रांगण पहुंचे। बड़ी माई के पंडा नेमचंद चौरसिया, दद्दे चौरसिया और समाज के बुजुर्गों द्वारा नागदेवता व चिहुटिया महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवयुवक मंडल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष गया प्रसाद लल्लू चौरसिया ने की। मुख्य अतिथि चौरसिया समाज कटनी के अध्यक्ष धरमदास चौरसिया रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चे-बच्चियों ने धार्मिक, देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों पर प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोगों ने बच्चों को नगद पारितोषक देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अव्वल छात्रों एवं शासकीय विभागों में नियुक्त होकर समाज का नाम रोशन करने वाले बच्चों को गिफ्ट उपहार और नगद राशि देकर हौसला अफजाई की गई। अतिथियों सहित समाज के बुजुर्गों का भी शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। संतोष चौरसिया की स्मृति में शरद चौरसिया द्वारा एवं ओमप्रकाश पिक्कू चौरसिया की स्मृति में पुत्र अंशुल चौरसिया द्वारा मेधावी छात्रों को गिफ्ट दिए गए। स्व. मुरारी लाल चौरसिया की स्मृति में पुत्र लकी शिवम चौरसिया ने डांस करने वाले सभी बच्चों को नगद राशि दी। कार्यक्रम का संचालन लकी हिमांशु, शरद, आनंद चौरसिया ने किया। शाम 4 बजे डीजे और ढोल नगाड़ों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान समाज के बच्चे, युवा, युवतियां डीजे ढोल की धार्मिक धुनों पर जमकर थिरकते हुए जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। चल समारोह मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ी माई मंदिर, झंडा चौक, सन्यासी महाराज, अथिया मंदिर, सोनी मोहल्ला, कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड से पुनः झंडा चौक से होते हुए ढीमरखेड़ा रोड में नहर के पास, पान बरेजों के बीचोंबीच बने चिहुटिया महाराज के स्थान पहुंचकर समापन हुआ। पंडा काढोरा चौरसिया और बुजुर्गों ने चिहुटिया महाराज, मनिया देव और नाग देवता की पूजा अर्चना प्रारंभ की। इस दौरान सभी को कच्चा चावल वितरित किया गया। सभी को विशेष प्रसाद पपडिया, खीर, गुड़, मगज, बूंदी वितरण किया। पर्व के उपलक्ष्य में चौरसिया समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहे।





**स्टाल लगाकर बूंदी का प्रसाद वितरित**

इस दौरान परशुराम शिष्य मंडल द्वारा झंडा चौक में स्टाल लगाकर बूंदी का प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छोटे लाला शुक्ला, अश्वनी प्रसाद शुक्ल, दिलीप बाजपेई, कमलेश पौराणिक, शैलेंद्र पौराणिक, रामदत्त गर्ग, सतीश गौतम, सत्येंद्र, अजीत, अजय पांडे, आशीष सत्यम पौराणिक, पंकज तिवारी, श्रेष्ठ लकी बाजपेई, अजय उपाध्याय मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह और मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इरफान बुद्दा, आयूब अजूबा खान दोनों भाइयों ने दुकान में स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल सभी लोगों का शीतल जल और मिल्क शेक से स्वागत किया। कार्यक्रम में नवयुवक मंडल के अध्यक्ष प्रदीप तांतू चौरसिया, सभी सदस्यों एवं थाना प्रभारी अनिल काकड़े का सराहनीय सहयोग रहा।

# शहर विकास की योजनाएं बनाने नगर निगम में होगी आर्किटेक्ट की नियुक्ति

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम द्वारा शहर विकास की योजनाओं को तैयार कराये करने के लिए आर्किटेक्ट (वास्तुविद) की नियुक्ति की जाएगी। यह निर्णय महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में नगर निगम में आयोजित एमआईसी की बैठक में लिया गया। बैठक में जनहित के विभिन्न मुद्दों पर निर्णय लिये गये। जिसमे पर्यावरण विकास के अंतर्गत कटायेघाट में रिवर फ्रंट विकास योजना, रेल्वे स्टेशन के समीप इंदिरा गांधी शापिंग काम्पलेक्स, होटल सम्राट के लीज नवीनीकरण, सहायक राजस्व अधिकारी की पदोन्नति, मंगलनगर में मथुरा तिवारी के घर के सामने से होकर बाबाघाट तक जाने वाले मार्ग का नामकरण मथुरा तिवारी मार्ग किये जाने, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना तृतीय चरण के अंतर्गत बस स्टेण्ड निर्माण कार्य, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 33 दैनिक वेतन श्रमिकों की स्वीकृति का निर्णय शामिल है। बैठक में एमआईसी सदस्य संतोष शुक्ला, अवकाश जायसवाल, डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, तुलसा बैन, बीना बैनर्जी, नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, उपायुक्त पी के अहिरवार, प्रभारी कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड़, के पी शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सहायक यंत्री सुनील सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सिटी मैनेजर यश रजक, वाहन सुपरवाइजर अरविंद प्यासी सहित, अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



महापौर की अध्यक्षता में आयोजित एमआईसी की बैठक में निर्णय

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

किराए से देना है

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

mgm NURSING

एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांउसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांउसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल युनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी

पत्र क्र./1231/ लेखा निविदा / ग्रायासे. 2023 कटनी, दिनांक : 16/08/2023

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण क्रमांक 17/2023 //**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञाप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) आंतरिक वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी फिटिंग, विद्युतीकरण कार्य लोक निर्माण विभाग के जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.12.2020 से प्रभावशील दर अनुसूचि (निविदा विज्ञाप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा।

**विवरण निम्नानुसार हैं-**

| क्र. | सिस्टम टेंडर न. | कार्य का नाम | विकास खंड का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) | अमानत राशि | निविदा का प्रपत्र राशि | समयावधि काल छोडकर | ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीय नवीन पंजीकरण) | आमंत्रण का क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | माध्यमिक शाला बगदरा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम बगदरा | बड़वारा | 249983.00 | 9109 | 2000 | 120 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | प्रथत काल |
| | | रंगमंच निर्माण ओमकारपुरी के घर के पास ग्राम बम्हौरी | बड़वारा | 205489.00 | | | | | |

**निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Date) :-** **(1.)** Date of Purchase of Tender - Online : 26.08.2023 (10.30 AM) **(2.)** Document Download / Sale Start Date : 26.08.2023 (10.30 AM) **(3.)** Document Download / Sale End Date : 31.08.2023 (05.30 AM) **(4.)** Bid Submission End Date : 31.08.2023 (05.30 AM) **(5.)** Technical Bid Opening Date : 04.09.2023 (10.30 AM) **(6.)** Financial Bid open (Envelope-C) : 06.09.2023 (10.30 AM) **नोट :-** Envelope- A- **(1.)** केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत **(2.)** जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति **(3.)** पेन कार्ड की छायाप्रति **(4.)** शपथ पत्र **(5.)** परिशिष्ट H **(6.)** अमानत राशि की जामा रसीद समस्त दस्तावेज स्वप्रमाणित अपलोड करना होगा।

G18655/23

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है

नीरज सिनेप्लेक्स में



अंतिम 3 दिन

रोजाना 3 शो 11.45, 3 एवं सायं 6 बजे से

11 अगस्त से

गदर-2

कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

टिकट दर बालकनी क्लास-100/- बॉक्स -100/- अपर क्लास 80/-

सिटी मॉल बरही रोड में




ऑल इंडिया रिलीज

25 अगस्त से

रोजाना 4 शो

01.00 PM (AUDI-2- 2D)
04.00 PM (AUDI-1- 2D)
07.00 PM (AUDI-1-2 D)
10.00 PM (AUDI-1 D)


ड्रीमगर्ल-2

कलाकार- आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे, परेश रावल, अन्नू कपूर आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार दूसरा सप्ताह

25 अगस्त से

रोजाना 4 शो

12.30 PM (AUDI-1)
03.30 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-2)

गदर-2

कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो 12, 3 एवं सायं 6 बजे से

25 अगस्त से

ड्रीमगर्ल-2

कलाकार- आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे, परेश रावल, अन्नू कपूर आदि।

टिकट दर बालकनी क्लास-100/- बॉक्स -120/- अपर क्लास 80/-

» न्यूज गैलरी

## मांस की अवैध दुकानों पर होगी कार्रवाई, 23 अगस्त से पुलिस के साथ मैदान में उतरेगा ननि अमला

**भोपाल, यशभारत।** शहर में मांस की अवैध दुकानों और नियम विरुद्ध मांस विक्रय किए जाने वालों पर शिकंजा कसने वाला है। इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर निगम का अमला अब मैदान में उतरेगा। 23 अगस्त यानी कल से यह कार्रवाई शुरू होगी, जो तकरीबन एक महीने तक चलेगी। 18 सितंबर तक चलने वाले अभियान के तहत पशु चिकित्सा के साथ नगर निगम का अतिक्रमण अमला एवं स्थानीय पुलिस बल के समन्वय से अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित मीट दुकानों के विरुद्ध यह कार्रवाई होगी। इस दौरान 23 अगस्त को जोन-1 और 20 में, 26 अगस्त को जोन-12 और 13 में, 28 अगस्त को जोन-3 और 4 में, 2 सितंबर को जोन-2, 5 और 21 में, 4 सितंबर को जोन-6 और 8 में, 6 सितंबर को जोन-7 और 10 में, 11 सितंबर को जोन-9 और 11 में, 13 सितंबर को जोन-14 और 15 में, 16 सितंबर को जोन-18 और 19 में, 18 सितंबर को जोन-16 और जोन 17 में कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इन अवैध या नियम विरुद्ध चलने वाली मांस की दुकानों से संबंधित इलाके में गंदगी फैलती है, जिससे संक्रमण का भय भी रहता है। इसके अलावा मांस की लालच में आवारा कुत्ते भी आसपास मंडराते रहते हैं, जिससे लोगों को खतरा रहता है। यही देखते हुए प्रशासन ने मांस की अवैध या नियम विरुद्ध चलने वाली दुकानों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

## वेल्डिंग की चिंगारी से भड़की आग, कार बनी आग का गोला

**भोपाल,ईएमएस।** पुराने शहर के शाहजहांनाबाद इलाके में सोमवार देर रात एक कार में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। आग की लपटें तेजी से फैलीं और जल्द ही कार आग का गोला बन गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कार में लगी आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि कार में आग वेल्डिंग से उठी चिंगारी की वजह से लगी।मामले की जानकारी लगने के बाद पुलिस ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। कार मालिक और वेल्डिंग करने वाले को मंगलवार को थाने में बयान दर्ज कराने पुलिस ने बुला लिया है। इस मामले में बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात नूर महल लाल मस्जिद के पास पप्पू नाम का कार मालिक अपनी कार में वेल्डिंग कराने के लिए पहुंचा था। उसकी कार में अन्य काम भी था। उसे पूरा करने के बाद कार मालिक के बार-बार कहने पर गैस वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक आग भड़क गई और जल्द ही उसने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। चश्मदीद आरिफ खान बताया कि कार में वेल्डिंग से निकली चिंगारी से आग लग गई। आग से आसपास अफरा तफरी मच गई।

## मप्र में पंचायत सचिवों को अगस्त से ही मिलेगा सातवां वेतनमान, महंगाई भत्ते में वृद्धि

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश के 21 हजार 110 पंचायत सचिवों को अगस्त से सातवां वेतनमान मिलेगा। इससे सचिवों को महंगाई भत्ता मिलाकर अभी जो अधिकतम वेतन 34 हजार 632 रुपये मिल रहा था, वह 41 हजार 814 रुपये हो जाएगा। नया वेतनमान देने से सरकार के ऊपर प्रतिवर्ष 180 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने कैबिनेट निर्णय के बाद सोमवार को पंचायत सचिवों को अगस्त से सातवां वेतनमान दिए जाने के आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 23 हजार 12 पंचायतें हैं और 21 हजार 110 पंचायत सचिव कार्यरत हैं। ये लंबे समय से सातवां वेतनमान दिए जाने की मांग कर रहे थे, जिसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरा करते हुए इसका लाभ 11 अगस्त 2023 से देने का निर्णय लिया है। सातवें वेतनमान में तीन श्रेणियां रखी गई हैं। पहली श्रेणी में 102 पंचायत सचिव आएंगे और इन्हें पूर्व की तरह दस हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा। जबकि, 743 सचिवों को 33 हजार 120 रुपये प्रतिमाह महंगाई भत्ते सहित मिलेंगे। इन्हें अभी 19 हजार 313 प्रतिमाह मिल रहे हैं।

# सीएम ने किया सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ

# बोले- युवाओं को रोजगार, उद्योगों को कुशल कामगार मिलेंगे

**भोपाल यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को च्मुख्यमंत्री सीखो कमाओज्योजना का शुभारंभ किया। भोपाल के भेल क्षेत्र में सीएम राइज सकूल में आयोजित कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक युवाओं को उद्योगों में प्रशिक्षण प्राप्त करने ओर उस अवधि के लिए राज्य सरकार द्वारा आठ से दस हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड देने का अनुबंध पत्र दिया गया। योजना में प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को उद्योगों में प्रशिक्षण दिलाकर प्रतिमाह आठ से दस हजार रुपए स्टाइपेंड दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सीखो कमाओ योजना में चयनित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के शिक्षित युवा रोजगार के लिए और उद्योग कुशल कामगार के लिए परेशान थे। इस परेशानी को समाप्त करने के लिए मैं च्मुख्यमंत्री सीखो-कमाओज्योजना बनाई और अब युवाओं को रोजगार और उद्योगों को कुशल कामगार आसानी से मिलेंगे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश ने इतिहास रचा है। सीएम ने कहा कि हमने कल्पना की कि हमारे पूढ़ाई पूरी कर लेते है। 12वीं या आईटीआई कर लेते है, उनको जॉब की जरूरत होती है। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान, कौशल ओर नगारिकता के संस्कार देना है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से दिमाग में था कि रोजगार के नए तरीके कैसे खोजे जाएं। एक तरीका शासकीय नौकरी है। हमने अब तक 60 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दे दी है। बाकि के लिए प्रक्रिया जारी है। दूसरा तरीका स्वरोजगार है। इसके लिए कई योजनाएं है। उद्यम क्रांति योजना में एक लाख से लेकर 50 लाख तक का ऋण मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कंपनियों में बच्चों को काम सीखने के लिए भेजेंगे और उसके साथ ही स्टाईपेंड देंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना शुरू कर दी है। बाद में पर्मानेंट जॉब कर सकते हैं या अपनी खुद कि इंडस्ट्री लगा सकते हैं। ऐसे कई लोग हैं, जिनके पास पहले बहुत बड़ी दौलत नहीं थी, बाद में वो सफल हुए। हम अनंत आकाश में ऊंची उड़ान भरेंगे, हम मजबूर नहीं, मजबूत बनेंगे।

### बेरोजगारी भत्ता से कोई लाभ नहीं, हम पंख दे रहे



मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने बेरोजगारी भत्ता के नारे दिए लेकिन मेरा मानना है कि चिड़िया अपने बच्चों को घोंसला नहीं, पंख देती है। गाय अपने बच्चे को खड़ा करती है, शेरनी अपने बच्चों को शिकार करना सिखाती है। इसलिए बेरोजगारी भत्ता से कोई लाभ नहीं है। हमने कहा कि हम अपने बच्चों को काम सिखाएंगे, पंख देंगे। इसलिए तय किया कि हमारे बच्चे अलग-अलग कंपनियों में काम सीखने जाएंगे। एक तरफ स्किल्ड मैनपावर की कमी है और दूसरी तरफ रोजगार नहीं है, हमने दोनों को जोड़ दिया।

### योजना का दायरा भी बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे योजना का दायरा बढ़ाएंगे। यदि दुकान में मैनेजमैन्ट का काम कोई सीख सकता है, तो ऐसी व्यवस्था भी हम रखेंगे। 8,000 रुपये से 10,000 तक का स्टाईपेंड आपको मिलेगा। भोपाल में हम संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बना रहे हैं। यहां 6,000 बच्चों को हम ट्रेनिंग देंगे। मॉडल आइटीआई में ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रदेश में 3,500 से अधिक स्टार्टअप्स हैं। 3 लाख बेटे-बेटियों को हम स्वरोजगार के लिए ऋण देते हैं। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना अद्भुत योजना है, यह देश में अनूठा अद्भुत प्रयोग है।

### सपनों को मरने नहीं दूंगा

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 8 लाख से ज्यादा बच्चों ने पंजीकरण कराया है और यह क्रम लगातार जारी रहेगा। अब तक 16,744 कंपनियां पंजीकृत हो चुकी हैं। 70,386 पद अब तक प्रकाशित हो चुके हैं। 15,092 अनुबंध किये जा चुके हैं। हमारी कोशिश होगी कि लाखों अनुबंध स्वीकृत हो जाएं, इसकी कोई सीमा नहीं रहेगी। सीएम ने युवाओं से कहा कि मैं तुम्हारे सपनों को मरने नहीं दूंगा, तुमको कभी निराश नहीं होने दूंगा। युवाबल के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। उद्योगों को कुशल कामगार मिलेंगे और प्रदेश के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।



## मध्य प्रदेश में सात नवीन शासकीय महाविद्यालयों में 367 नए पदों की मंजूरी


**भोपाल,यशभारत।** शिवराज कैबिनेट ने उच्च शिक्षा विभाग में सात नए शासकीय कालेज, एक शासकीय कालेज में नया संकाय एवं एक शासकीय कालेज में स्नातकोत्तर स्तर पर नए विषय प्रारंभ किए जाने के लिए 367 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। जिला सतना के कोठी, ग्वालियर के बेहट, जबलपुर के बघराजी, सागर के शाहपुर, पन्ना के खोरा, इंदौर के कम्पेल और दतिया के बसई में नवीन शासकीय कालेज के सृजन की स्वीकृति दी गई है। साथ ही शासकीय कालेज देवतालाब रीवा में स्नातक स्तर पर नवीन संकाय वाणिज्य और स्नातकोत्तर स्तर पर समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, हिंदी साहित्य, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं गणित नवीन विषयों को प्रारंभ करने के लिए नवीन पद सृजित किए गए है। पद सृजन पर आवर्ती व्यय भार 20 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष एवं अन्य अनावर्ती व्यय 107 करोड़ 96 लाख रुपये इस प्रकार कुल 128 करोड़ 29 लाख 50 हजार के व्यय की स्वीकृति दी गई है।

# भोपाल की बैंक शाखाओं में ही जमा हो रही थी लोन एप से ठगी की राशि

**भोपाल यशभारत।** आनलाइन लोन एप के जाल में बुरी तरह फंसने के बाद पत्नी-बच्चों सहित जान देने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा के रुपये ठगने वाले जिन अपराधियों को पुलिस देशभर में तलाश रही थी, वे शहर में ही मौजूद थे। लोन एप की ठगी की राशि कई जगहों से होती हुई शहर की बैंक शाखाओं के खातों में जमा हो रही थी। यह खुलासा इस मामले में गिरफ्तार पांच आरोपितों से पूछताछ में हुआ है। पूरे मामले में एक निजी बैंक का प्रबंधक और कर्मचारी भी संदेह के घेरे में है।

गौरतलब है कि रातीबड़ के नीलबड़ में आनलाइन लोन एप के जाल में फंसकर परिवार सहित खुदकुशी करने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा को जान देने के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को रविवार को गिरफ्तार किया था। इन आरोपितों से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस ने बताया कि ऐसा पहली बार है कि जब देश में साइबर धोखाधड़ी के मामले में भोपाल के निवासियों के बैंक खातों का उपयोग हुआ है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि साइबर ठगी की राशि जमा कराने और उसे यहां-वहां घुमाकर खपाने के लिए शहर के बैंकों में खाते खोलकर उनके नंबर महाराष्ट्र और हरियाणा भेजे जा रहे थे। जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से दो के खातों में हरियाणा और महाराष्ट्र से रुपये आए हैं। पूछताछ में इन दोनों ने अपने खाते खुलवाकर अन्य लोगों को पासबुक और एटीएम कार्ड देने की बात स्वीकारी है।



### ये आरोपित हुए हैं गिरफ्तार

सामूहिक खुदकुशी के मामले में अमायरा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर शारिक बेग (25) निवासी लांबाखेड़ा ईंटखेड़ी, यस बैंक के कर्मचारी फरहान रहमान (30) निवासी सब्जी मंडी के पास अशोका गार्डन, अरशद बेग (29) निवासी इस्लामपुरा तलैया, मोहम्मद उवैस खान (27) निवासी जुमेराती हनुमानगंज और शाहजवा खान उर्फ शाजी (31) निवासी कमला पार्क तलैया को गिरफ्तार किया गया था है।

### बैंक कर्मचारी ने खुलवाया था खाता

यस बैंक के कर्मचारी फरहान ने अमायरा ट्रेडर्स का खाता खुलवाया था। ठगी के रुपये ट्रांसफर करने के कमीशन के 1.80 लाख रुपये इन्होंने आपस में बांट लिए थे। जिस व्यक्ति ने यह रुपये दिए थे, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। इसमें बैंक के अन्य कर्मचारी भी संदेह के घेरे में हैं। पुलिस ने यहां के संदेहास्पद खातों में हुए सभी लेन-देन की रिपोर्ट मांगी है।

### यह था घटनाक्रम

नीलबड़ स्थित शिव विहार कालोनी निवासी भूपेंद्र विश्वकर्मा (38) ने 12 जुलाई की रात अपने दोनों बच्चे ऋषिराज (9) और ऋतुराज (3) को जहर देकर पत्नी ऋतु (34) के साथ फंदा लगा लिया था। मृतक ने चार पेज के सुसाइड नोट में एक आनलाइन काम देने वाली कंपनी में निवेश और फिर वहां लगे जुर्माने को भरने के लिए चाइनीज लोन एप से कर्ज लेने की बात कही थी।

## दृढ़ संकल्प के धनी, जन-जन से जुड़े नेता थे बाबूलाल गौर:सीएम शिवराज

**भोपाल ईएमएस।** बाबूलाल गौर की जीवन यात्रा सिद्ध करती है कि व्यक्ति यदि संकल्प कर ले तो वह बड़ा कार्य कर सकता है। गौर का जीवन राजनीति के लिए समर्पित रहा। उन्होंने श्रमिकों के हितों के लिए संघर्ष से अपना सार्वजनिक जीवन आरंभ किया। वे दृढ़ निश्चय के धनी थे। कुल 10 बार विधायक के लिए चुना जाना उनके जनता से जु?ाव का प्रमाण है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भेल स्थित बाबूलाल गौर शासकीय पीजी कालेज परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा के अनावरण के बाद कही।



### सीएम ने बाबूलाल गौर को किया याद

उन्होंने बाबूलाल गौर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन की शुरुआत ही उनके चुनाव से हुई थी। आपातकाल के समय जब वे जेल गए तो मैं भी उनके पीछे-पीछे चला गया। उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। इस अवसर पर राज्य पिछ?ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन, गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर, महापौर भोपाल मालती राय और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को विधायक कृष्णा गौर ने श्रीमद्भगवत गीता की प्रति, कामधेनु गोमाता की मूर्ति और तुलसी का पौधा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूलाल गौर ने कई विभागों का दायित्व संभाला। वे नगरीय प्रशासन, आवास एवं पर्यावरण, विधि, भोपाल गैस त्रासदी, श्रम विभाग, उद्योग, वाणिज्यिक कर और सार्वजनिक उपक्रम जैसे विभागों के मंत्री रहे और प्रत्येक विभाग में उन्होंने अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। भोपाल के बड़े तालाब के किनारे बनी वीआइपी रोड बाबूलाल गौर की ही देन है।


## मध्य प्रदेश में 77 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण, रोज सिर्फ 68 वाहन चालकों पर कार्रवाई



**भोपाल , यशभारत।** प्रदेश में हर वर्ष 13 हजार से अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में हो रही है, इसके बाद भी पुलिस का ज्यादा ध्यान राजस्व वसूली पर ही है। वर्ष 2022 में तेज गति से वाहन चलाने के कारण प्रदेश में 41 हजार 688 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 41 हजार 574 लोग घायल हुए, जबकि 10 हजार 356 लोगों की मौत हो गई। यह हादसों में हुई कुल मौतों को 77 प्रतिशत है। इसके बाद भी तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नाम मात्र की कार्रवाई हो रही है। वर्ष 2022 में पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने के कारण 25 हजार लोगों पर अर्थदंड लगाया गया। इस मान से हर दिन प्रदेश में सभी तरह के वाहन मिलाकर औसतन 68 पर हर दिन अर्थदंड लगाया जा रहा है। उधर, हेलमेट नहीं लगाने पर एक वर्ष में नौ लाख 50 हजार और और सीट बेल्ट नहीं बांधने पर एक लाख वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वाहन चालकों की गति नापने के लिए सभी जिलों में पुलिस के पास इंटरसेप्टर व्हीकल हैं। पुलिस के पास स्पीड रडार भी हैं। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में तेज गति से वाहन चलाने वालों को कोई डर ही नहीं है। पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के एडीजी जी जनार्दन ने कहा कि सड़क निर्माण करने वाली संबंधित एजेंसियों को स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश हैं। सभी जिलों को इंटरसेप्टर व्हीकल भी दिए हैं। इनसे सघनता से जांच करने को कहा गया है।

**वर्ष 2022 में पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने के कारण 25 हजार लोगों पर अर्थदंड लगाया गया**

### नशे में धुत रेल कर्मचारी ने बर्थ पर कर दी पेशाब





**भोपाल (ईएमएस)।** नशे में धुत एक रेल कर्मचारी ने चलती ट्रेन में लोअर बर्थ पर बैठे-बैठे पेशाब कर दी। यह मामला संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच का है।घटना के वीडियो सामने आया है। बीते 9 अगस्त की रात जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन की ओर जा रही ट्रेन के एसी कोच बी-6 में पेशाब करने वाला रेल कर्मचारी जबलपुर रेल मंडल का है। घटना के वक्त सभी यात्री सो रहे थे, इस वजह से मामला दब गया। हालांकि इस दौरान वहां मौजूद एक यात्री ने कर्मचारी की इस हरकत का वीडियो बना लिया, जो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। इधर घटना की जानकारी लगते ही जबलपुर रेल मंडल में हड़कंप मच गया है। डीआरएम विवेक शील ने मामले ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं वीडियो बनाने वाले शख्स की भी तलाश की जा रही है ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्य सामने आ सकें। कोच में यात्री सीट पर पेशाब करने वाला कर्मचारी का नाम दशरथ कुमार बताया जा रहा है। वह जबलपुर रेल मंडल के मैकेनिकल विभाग में ओएस के पद पर पदस्थ है। दशरथ 10 अगस्त को दिल्ली में न्यू पेंशन स्कीम को लेकर हो रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन में शामिल होने जा रहा था। ट्रेन में ही उसने इतनी अधिक मात्रा में शराब पी ली थी कि उसे यह होश ही नहीं रहा कि वह यात्री सीट पर पेशाब कर रहा है। चलती ट्रेन में यात्री सीट पर पेशाब करने का यह पहला मामला नहीं है। कुछ साल पूर्व इंदौर से जबलपुर आ रही ओवरनाइट एक्सप्रेस में भी ऐसा ही एक मामला सामने आ चुका है। इस दौरान एक वरिष्ठ अधिकारी ने नशे में धुत होकर चलती ट्रेन में यात्री सीट के पास पेशाब कर दी थी जिसका विरोध सहयात्रियों के साथ भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने किया था। घटना के बाद अधिकारी को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया।

## कांग्रेसजनों ने पैदल मार्च कर बिजली विभाग को ज्ञापन सौपकर निराकरण की मांग की

**भोपाल , यशभारत।** नरेला विधानसभा क्षेत्र में अनियमित विद्युत प्रदाय, अघोषित बिजली कटौती, खुले हुए ट्रासफार्मरों से दुर्घटनाओं की आशंका व त्रुटिपूर्ण बिलों के सुधार हेतु अवैध वसूली व उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार की शिकायतों के निराकरण हेतु प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान ने सैकड़ों कांग्रेसजनों के साथ हबीविया स्कूल से चांदबड़ बिजली विभाग कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुये मुख्य महाप्रबंधक मध्यक्षेत्र विघुत वितरण कंपनी लिमि. भोपाल के ज्ञापन सौपकर निराकरण की मांग की है। चौहान ने कहा कि यह कि विभाग द्वारा जारी बिजली का बिल जमा करने के लिए जब उपभोक्ता विभाग के कैश काउंटर पर जाता है तो उपभोक्ता को प्राप्त बिल से अधिक राशि जमा करने के लिए मजबूर किया जाता है। यह बिल हजारों में होते हैं जो गरीब परिवार के लिए भरना मुश्किल होता है।

# सूने फ्लेटों में चोरी करता था गिरोह, 2 महिला समेत 4 चोर गिरफ्तार, 11 लाख का सामान बरामद

**भोपाल , यशभारत।** मिसरोद पुलिस को सोमवार को एक नकबजन गिरोह के दो महिला समेत चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपितों ने पूछताछ में अलग-अलग थाना क्षेत्रों की बहुमंजिला इमारतों के छह सूने फ्लेटों में चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात और टीवी समेत करीब 11 लाख रुपये कीमत का सामान बरामद किया है। गिरोह दिन के समय रैकी कर मौका पाकर वारदात करता था। इस गिरोह की खास बात यह है कि इसमें बेंगलुरु और ग्वालियर के बदमाशों ने अरेरा कालोनी के पाश इलाके में किराये पर कमरा लेकर ठिकाना बना रखा था। मिसरोद थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि 31 जुलाई को शीतलधाम समरधा में एक चोरी की वारदात हुई थी। उसमें शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर आरोपित चोरी करने वाले गिरोह की तलाश की जा रही थी। इस दौरान दो संदेही के बारे में मुखबिरों से जानकारी मिली। आला अधिकारियों को पूरा ब्यौरा दिया।



### आरोपितों के बीच था मुंहबोला रिश्ता

दोनों संदेही बेंगलुरु कनार्टक निवासी नियाज खान (40) और डबरा ग्वालियर का रहने वाला बिरजू चौधरी (35) को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की। दोनों ने अपनी महिला साथी अरेरा कालोनी निवासी उर्मिला उर्फ उमा कुमारी और गुनगुन राठौर के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना कबूल की। चारों आरोपित आपस में मुंहबोले रिश्ता बनाकर रखा है। चोरी करने के लिए नियाज खान को बेंगलुरु से बुला रखा था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री चौहान ने शिक्षकों से किया संवाद

**भोपाल(ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 500 से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। पिछले तीन वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री जनजातीय कार्य विभाग सुश्री मीना सिंह एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।

सुविधा

MP GST रिटर्न फाईलिंग में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल

# सीएम ने करदाताओं और व्यावसायियों को दी सुविधाएं

**भोपाल,यशभारत ।** मध्यप्रदेश में पारदर्शी कर प्रशासन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करदाताओं और व्यावसायियों को दी सुविधाएं दी हैं। सरकार की इन्हीं सुविधाओं की वजह से जीएसटी, आबकारी, पंजीयन और वाणिज्यिक कर राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। मध्यप्रदेश जीएसटी रिटर्न फाईलिंग में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। पिछले साल जुलाई माह तक जीएसटी राजस्व प्राप्ति 8,311 करोड़ रूपये थी, जो इस साल रूपये 10,945 करोड़ हो गई है, जो 26 प्रतिशत ज्यादा है, जबकि लक्ष्य जुलाई तक 10,339 करोड़ के राजस्व का है। इसी प्रकार पिछले साल आबकारी राजस्व प्राप्ति जुलाई तक रूपये 4,643 करोड़ थी, जो इस साल बढ़कर रूपये 4,655 करोड़ हो गई है। पंजीयन राजस्व में पिछले साल के मुकाबले 15.75प्रश की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल यह रूपये 2732 करोड़ था, जो कि इसी अवधि में रूपये 3162 करोड़ हो गया है। लक्ष्य रूपये 3085 करोड़ प्राप्ति का है। वाणिज्यिक कर राजस्व पिछले साल जुलाई तक रूपये 21,571 करोड़ था, जो इस साल रूपये 23,789 करोड़ हो गया है, यानी 10.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।



**वसूली हुई तेज**-वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह जुलाई तक कुल 551 प्रकरणों में प्रवर्तन की कार्यवाही की जाकर 133 करोड़ रूपये जमा कराये गये हैं। ऑडिट के लिए आवंटित 863 प्रकरणों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अभी तक 10.20 करो? रूपये जमा कराये गये। इस प्रकार वर्ष 2023-24 में प्रवर्तन की कार्यवाही से 37.20 करोड़ रूपए जमा कराये गये। पिछले साल बकाया राशि 4895.16 करोड़ थी, इसमें से कुल संस्थापन 1871.46 करोड़ रूपये हुआ। इसी अवधि में रू 1011.12 करोड़ की राशि वसूल की गई, जिसमें से नकद वसूली रू 261.53 करोड़ और अन्य वसूली रू 749.59 करोड़ की हुई। इस साल मार्च तक शेष बकाया राशि रू 5755.49 है जिसकी वसूली की कार्रवाई चल रही है।

**पारदर्शी कर प्रशासन**-साफ एवं पारदर्शी कर प्रशासन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रवर्तन, ऑडिट, पंजीयन, सत्यापन संबंधी नोटिस जीएसटी पोर्टल से आनलाइन जारी किये जा रहे हैं। करदाताओं की समस्याओं का भी अविलम्ब निराकरण किया जा रहा है। जीएसटी संबंधी विभिन्न प्रावधान विशेषकर नवीन पंजीयन, स्क्रूटनी, ऑडिट, वाहनों की जांच के लिए गुणवत्ता नियंत्रण के उद्देश्य से स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार किए गए हैं।

### बिजनेस में पंजीयन का अनुमोदन आसान

इज ऑफ डूईंग बिज़नेस के तहत मध्यप्रदेश वृत्तिकर अधिनियम, 995 तथा मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने, प्रस्तुत आवेदन का निराकरण एक कार्य दिवस में नहीं होने पर एक कार्य दिवस की समाप्ति के पश्चात ऑटो अप्रूवल के आधार पर पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी करने का प्रावधान किया गया है। वेट अधिनियम में 10 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले व्यावसायियों को फॉर्म 4-ए में ऑडिट रिपोर्ट जमा करने का प्रावधान समाप्त कर आयकर अधिनियम के तहत प्रस्तुत की जाने वाली ऑडिट रिपोर्ट को ही मान्यता दी गई है। इससे उन्हें राहत मिली है। मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002, मोटर स्पिरिट सेस एक्ट, 2018 एवं हाई स्पीड डीज़ल सेस एक्ट, 2018 के अंतर्गत आपराधिक अभियोग का प्रावधान विलोपित कर दिया गया है। मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पेट्रोल एवं डीज़ल व्यावसायियों को त्रैमासिक विवरणी के स्थान पर सालाना विवरणी जमा करने का प्रावधान लागू किया गया है। भू-संपदा नियामक प्राधिकरण में पंजीकृत परियोजनाओं में निजी विकासकर्ताओं दूवारा ईडब्यूएस के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्रों पर स्टाम्प शुल्क से छूट दी गई है। साथ ही भू-सम्पदा आधारित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसी तिथि से प्रभावी अन्य अधिसूचना द्वारा कॉलोनी के विकास के एवज में भूखण्ड बंधक रखे जाने पर देय स्टाम्प शुल्क 0.5 प्रतिशत से घटा कर 0.125 प्रतिशत किया गया है।

# रक्षाबंधन की खरीदी के लिए बाजारों में रौनक

## मंहगाई के बावजूद उत्साह में कमी नहीं, भद्रा के साये में मनेगी राखी



कटनी, यशभारत। शहर सहित ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन मनाया जाएगा। बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधेंगी त्योहार को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रक्षाबंधन के कारण बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गई है। मिठाइयों सहित राखियों की दुकानों पर ग्राहकी तेज हो गई है।

कटनी जिले में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने इस बार ज्यादा उत्साह इसलिए भी नजर आ रहा है क्योंकि त्योहार में कोविड जैसी कोई पाबंदी नहीं है। हालांकि मंहगाई का साया ज्यों का त्यों बरकारा है। त्योहार का असर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी देखने को मिल रहा है। शहर के मेन बस स्टेंड पर और तीनों रेल स्टेशन पर यात्रियों की चहल-पहल बढ़ गई है। बस स्टैंड से संचालित होने वाली अधिकांश बसें यात्रियों से खचाखच दिखाई दी।

### राखियों से सजी दुकानें, बाजार में छाई रौनक

रक्षाबंधन को लेकर शहर में राखियों से दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। बाजारों में राखियों की दुकानों पर भीड़ दिखने लगी है। बारिश के बाद भी व्यापारियों के अनुसार त्योहारी रंगत नजर आने लगी है। इस बार बारिश अच्छी होने के कारण व्यापार पर इसका असर दिखाई दे रहा है। त्योहार के चलते बाजार में चहल-पहल भी बढ़ी है। शहर के जवाहर चौक, सुभाष चौक स्टेशन रोड, लक्ष्मीनारायाण मंदिर रोड, सराफा बाजार सहित अन्य बाजारों और गलियों में राखियों की दुकानें सजी हैं। बाजार में स्थित दुकानों पर गुजरात से आई रेशम और अन्य धागों से बनी राखियां दिखाई दे रहे हैं। राखी व्यापारियों का कहना है कि कोरोना के कारण पिछले 2 सालों में व्यापार पर भी व्यापक असर पड़ा है। बाजार में कुंदन, मोतियों से बनी रेशम की राखियां पसंद की जा रही हैं।

### होलसेल राखी की ग्राहकी 15प्रतिशत ज्यादा, इस बार भाव तेज

राखी के होलसेल व्यापारी अमित ने बताया होलसेल की ग्राहकी शुरू हो चुकी है। पिछले साल के मुकाबले इस बार 10-15त्न ज्यादा ग्राहकी देखने को मिल रही है। बाजार में तेजी भी आ गई है। रॉ मटेरियल 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इसका असर भाव पर भी है। बाजार में अभी 85 फीसदी ग्राहक मीडियम रेंज के ही हैं। 1 रुपए से 40-50 रुपए तक के बीच की राखी की सबसे ज्यादा बिक्री है। बड़ी रेंज के ग्राहक चुनिंदा ही हैं। इधर, मिठाई, पूजन सामग्री सहित अन्य की खरीदी 8 अगस्त से जोर पकड़ने लगेगी।

### 30 अगस्त को मनाई जाएगी राखी



पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त को सुबह 10 बजकर 58 मिनट पर शुरू होगी और 31 अगस्त को सुबह 7 बजकर 5 मिनट तक रहेगी, लेकिन पूर्णिमा के साथ ही भद्रा भी शुरू हो जाएगा. 30 अगस्त को रात 09 बजकर 01 मिनट पर भद्रा समाप्त होगा, जिसके बाद राखी बांध सकते हैं।




### चांदी की राखी का क्रेज, स्वच्छ भारत, पिज्जा, चाकलेट की राखी भी

इस बार चांदी की राखी की भी ज्यादा मांग है। मेन रोड पर स्थित सराफा व्यापारी सुरेश सोनी ने बताया कि चांदी की राखी बिक रही है। गत 2 वर्ष कारोना काल में रक्षा बंधन पर्व आया था। इस बार गत वर्ष से करीब 20 प्रतिशत कारोबार अधिक है। दस ग्राम की राखी एक हजार रुपये से लेकर डेढ़ हजार रुपये तक की है। रुद्राक्ष, नग, कार्टून, श्रीराम, मेरे भैया, स्पोर्ट्स सिंबल, स्वच्छ भारत, पिज्जा, चाकलेट की राखी भी है. जिन्हें बच्चे पसंद कर रहे है। उन्होंने बताया कि कारोबार के हिसाब से रक्षा बंधन पर्व इस बार अच्छा रहेगा।

### राखी के लिए डाक विभाग की तैयारी

डाक विभाग की तरफ से इस बार राखी के लिए स्पेशल तैयारी की गई है. डाक के माध्यम से राखी भेजने वाली बहनों के लिए डाक विभाग द्वारा वॉटरप्रूफ लिफाफों का इस्तेमाल किया गया है, जिनकी मदद से बहने भाई को राखी भेज सकेंगी।

---

## » न्यूज गैलरी



### डॉ. सुब्बा राव व डॉ. एम जैन आईएमए के अध्यक्ष निर्वाचित

**कटनी, यशभारत।** 2 दिन तक चली वोटों की गिनती के बाद इंडियन मेडिकल एसोसियेशन स्टेट ब्रांच इलेक्शन के परिणाम सोमवार को घोषित हुए। चुनावों में प्रदेश की बड़ी शाखाओं के लामबंद होने के बाद छोटी शाखाओं से उतरे उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। वर्ष 2023-24 के लिए दमोह (कटनी) से डॉ. सुब्बा राव ने 2 हजार 857 मत हासिल करते हुए जीत हासिल की और ग्वालियर के डॉ. अजय उपाध्याय को हराया। उन्हें 2 हजार 102 वोट मिले। वहीं वर्ष 2024- 25 के लिए विदिशा के डॉ. महेन्द्र जैन 3 हजार 26 मत हासिल करते हुए विजयी हुए। वहीं उनके प्रतिद्वंदी इंदौर के डॉ. संजय लोंदे को 2 हजार 94 वोट मिले।चुनाव के लिए वोटिंग प्रक्रिया 10 अगस्त तक चली। राज्य सह सचिव डॉ. दीपक साहू ने बताया कि विगत 25 वर्षों से केवल बड़ी ब्रांच से ही अध्यक्ष चुने जाते रहे है, किंतु इस बार बड़ी ब्रांच इंदौर, भोपाल, ग्वालियर , रीवा और उज्जैन एक होकर लामबंद हुए और उनके विरोध में छोटी ब्रांच विदिशा एवं दमोह के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कराई। मतगणना में डॉ.पाणिमा, डॉ. राकेश पाठक, डॉ. राजशेखर पांडे, डॉ. साहू, डॉ. पुष्पराज पटेल, डॉ. ब्रजेश चौधरी, डॉ. अनिल ठाकुर, डॉ. सिरोदिया, डॉ. अतुल मिश्रा के साथ कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। परिणामों की घोषणा में पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन, डॉ. सुनील बहल, डॉ. पुष्पराज भटेले, डॉ. राजीव सक्सेना की मौजूदगी रही।

### फांसी लगाकर महिलाओं ने की आत्महत्या

#### पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे व रीठी थाना अंतर्गत घटित दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम पड़रिया निवासी 20 वर्षीय अकांक्षा पिता मनीष तिवारी की लाश फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी प्रकार रीठी थाना अंतर्गत सिंघईया कालोनी में 35 वर्षीय सोमवती भुमिया पति नन्हे भूमिया के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां निवासी 39 वर्षीय तुलसा बाई कोल पति अशोक कोल गतदिवस कुठला थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जबलपुर मेडिकल कॉलेज में तुलसा बाई की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

---

# पर्यावरण को अपने जीवन में महत्वपूर्ण स्थान देने की आवश्यकता




**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में दिनांक 17/08/2023 और 18/08/2023 को प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इको क्लब के माध्यम से मिशन लाइफ को केंद्रित करते हुए युवा मंथन मॉडल 20, 20 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा मंथन 2020 का विषय-क्लाइमेट चेंज और पर्यावरण के लिए जीवन शैली- स्थिरता को जीवन का एक तरीका बनाना है। इस कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने पर्यावरण को अपने जीवन में महत्वपूर्ण स्थान तथा उसे सुरक्षित रखने हेतु छात्राओं को अपने वक्तव्य के माध्यम से समझाया। सीनियर प्रोफेसर डॉ.साधना जैन, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ.संजय कांत भारद्वाज एवं श्रीमती रिचा दुबे ने क्लाइमेट चेंज और सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल से छात्राओं को अवगत कराया। युवा मंथन कार्यक्रम के दौरान नम्रता चतुर्वेदी, प्रियंका हल्दकार और अंजू तिवारी ने अनेक सुझाव दिये वनों की कटाई पर प्रतिबंध बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करें, वृक्षारोपण की देखभाल करें, हरित ऊर्जा ,क्रियान्वयन के लिए सख्त कानून लागू करना,प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग करना, पौधे भावनाओं के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं, प्रकृति का संरक्षण करें और ऑक्सीजन पानी हवा का स्थिर भंडार छोड़ें प्रदूषण पर नियंत्रण रखें, सिंगल यूस प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाएं , 10 आर कीअवधारणा का पालन करना चाहिए जैव विविधता को संरक्षित एवं सुरक्षित रखना चाहिए , संसाधनों की शुद्धता को बनाए रखना चाहिए और साथ ही साथ क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम के अंत में डॉ. रीना मिश्रा ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। सुश्री आरती वर्मा, श्रीमती स्मृति दहायत के द्वारा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. के.जी. सिंह, डॉ नीना बजाज, श्रीमती श्रद्धा वर्मा, श्रीमती पूनम गर्ग, श्रीमती नम्रता निगम सुश्री, श्वेता कोरी, श्रीमती वंदना चौहान, रामेश्वर सिंह, डॉ. प्रतिमा सिंह एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।



### हरियाली तीज पर महिलाओं ने की पूजा

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकतापरिषद महिला प्रकोष्ठ जिला कटनीके द्वारा सामुदायिक भवन में हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें मुख्य अतिथि श्रीमती भारती तिवारी, श्रीमती भावना तिवारी, श्रीमती भुवन खमपरिया, श्रीमती तुलसा गर्ग, श्रीमती शोभा खमपरिया, श्रीमती आरती तिवारी, श्रीमती रश्मि दुबे जी एवं श्रीमती ज्योति तिवारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत ब्राह्मण समाज के इष्ट श्री परशुराम की पूजा पाठ एवं दीप प्रज्वलित श्रीमती भावना दुबे एवं मुख्य अतिथियों द्वारा की गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए हमारे सातों पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर माला पहनाकर, श्रृंगार सामग्री और सातों अधिकारियों द्वारा हरियाली गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर किया गया एवं उनका वंदन अभिनंदन किया गया। इसके बाद हमारे हरियाली तीज का उत्साह मनाया गया है जिसमें ब्राह्मण महिलाओं द्वारा कीर्तन भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी के साथ हमारे ब्राह्मण महिला की सदस्य अनामिका तिवारी जन्म उत्सव मनाया गया। इसके बाद ब्राह्मण महिलाओं के द्वारा ब्राह्मण परिवार के एक जरूरतमंद लड़की को शिक्षा पूर्ण कराने का संकल्प लिया गया और उसी वक्त पूरा भी किया गया। कार्यक्रम का समापन श्री परशुराम जी के प्रसाद वितरण कर किया गया सभी महिलाओं को श्रृंगार सामग्री दे कर कार्यक्रम का समापन किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ जालपा वार्ड की सातों पदाधिकारी श्रीमती माही तिवारी जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती शिखा खमपरिया जिला सह संयोजक, रिया खमपरिया जिला सचिव, रश्मि चतुर्वेदी श्वेता पाठक जिला मंत्री, अर्चना गर्ग एवं संतोषी बड़गैया द्वारा सामुदायिक भवन जालपा वार्ड में किया गया। एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग श्रीमती भावना दुबे का सहयोग रहा।



### ऊं नम: शिवाय की ध्वनि से गूंजा स्कूल छात्रों ने महारूद्राभिषेक व अनुष्ठान किया

**कटनी, यशभारत।** सावन सोमवार के उपलक्ष्य में संस्कार भारती पब्लिक स्कूल जालपा वार्ड में 21अगस्त को प्रात÷9बजे से शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा शिवलिंग निर्माण और रूद्राभिषेक अनुष्ठान किया गया।पुरोहितों की टीम द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन कराया जायेगा।छात्रों ने शिवलिंग निर्माण के साथ ऊं नम÷शिवाय मंत्र का उच्चारण किया।विद्यालय ऊं नम÷शिवाय की ध्वनि से गुंजायमान हो गया।पुरोहित श्री सर्वेश मौर्य और टीम ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर रूद्राभिषेक कराया।विद्यालय संचालक मेहुल अग्रवाल श्रीमति नेहा अग्रवाल रूद्राभिषेक में मुख्य यजमान रहे।छात्रों ने सवनकुंड में आहुतियां दी।विद्यालय के संचालक राजेन्द्र (राजू)अग्रवाल ने बताया कि छात्रों को शिक्षा के साथ धार्मिक संस्कारों भारतीय संस्कृति से जोडने के प्रयास के रूप में यह आयोजन किया गया है।आज के दौर में छात्र शिक्षा और अध्ययन कार्य तक सीमित न रहे उन्हें भारतीय संस्कृति और धर्म की शिक्षा भी जरूरी है।विद्यालय में आयोजित इस आयोजन में विद्यार्थियों के साथ स्टाफ ने भी शिवलिंग निर्माण व अनुष्ठान में हवन किया। इस मौके पर प्राचार्य भगवत प्रसाद तिवारी स्टाफ में संदीप दुबे जुबेर अहमद अभिलाषा शुभम गुप्ता शिखा बैर्जी दीपिका खरे सोनम सोनी शिवानी शर्मा जमुना नागोत्रा दीपिका भागवानी अंजली परौहा रीना सरकार नेहा गुप्ता आयुषी मोर्या रूचि का मोनिका अग्रवाल शशांक तिवारी अंजना रावत यशु श्रीवास्तव सीमा बागमरे पप्रतिक्षा तिवारी लक्ष्मी गुप्ता दीपक त्रिपाठी अक्षत सोनी नेहा वर्मा जीगी खटीक प्रियंका सोनी सुनीता गोविल की मौजूदगी रही।

---

### विश्व उद्यमिता दिवस पर शासकीय तिलक महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# युवाओं को सफल उद्यमी बनकर रोजगार देने वाला बनना चाहिए



कटनी, यशभारत। आज देश की दो-तिहाई जनसंख्या की उम्र 45 वर्ष से कम है और इस दृष्टि से भारत युवा शक्ति की संपदा से विश्व का सबसे संपन्न देश है, युवाओं में वह ऊर्जा होती है जो स्वयं अपने लिए अवसर बनाते हैं,आप अपना उद्यम शुरू करके स्वयं नौकरी देने वाले बन सकते हैं , *विश्व उधमिता दिवस* के अवसर पर यह जो कार्यक्रम हो रहा है इसमें जिन उद्यमियों को सम्मानित किया ,उन्होंने संघर्ष के बावजूद अपना उद्यम प्रारंभ किया ,स्वयं को आर्थिक रूप से सक्षम किया और कई परिवारों को रोजगार भी दिया, हम सभी युवाओं को भी सफल उद्यमी के रूप में रोजगार देने वाला बनना चाहिए÷। उक्त आशय के उद्गार विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में स्वाबलंबी भारत अभियान और शासकीय तिलक महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उद्यमियों के सम्मान और विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम में कटनी जिलाधीश अविप्रसाद ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। मंचासीन अन्य अतिथियों में भारतीय किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल जी की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता सुश्री वसुंधरा सिंह , शासकीय तिलक महाविद्यालय प्राचार्यसुधीर खरे, जिला व्यापार एवं उद्योग महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत , स्वावलंबी भारत अभियान की सह संयोजिका श्रीमती प्रिया सिंह, पालक अमित कनकने , श्रीमती चित्रा प्रभात के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । दीप प्रज्वलन की परंपरा के उपरांत अतिथियों का स्वागत स्वावलंबी भारत अभियान की टोली के अशोक भगेरिया, ईशान जैन , अनिल गर्ग, श्रीमती हेमलता गर्ग, ऋषभ मिश्रा, सीमांत दुबे, ज्योति दीक्षित, ज्योत्सना सोनी द्वारा किया गया। मुकेश चंदेरिया के संचालन में, लघु उद्योग स्थापित करके स्वयं को एवं अन्य लोगों को रोजगार प्रदान कर स्वावलंबन की नीति को अग्रसर करने में योगदान के लिए श्रीमती नीति ठाकुर, अमित सिंघई, नवीन केशरी, वैभव अग्रवाल, अनिल गर्ग एवं गगन गुप्ता को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस से लेकर के 5 सितंबर तक उद्यमिता पखवाड़ा चलाया जा रहा है ,जिसके अंतर्गत विभिन्न विद्यालय महाविद्यालय से निकले उद्यमियों का प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। मुख्य वक्ता वसुंधरा सिंह , अभियान के प्रांतीय पालक भरत पटेल , जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत के द्वारा सूक्ष्म ,लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए शासकीय योजना की जानकारी के साथ ही प्रक्रिया में सहयोग का विश्वास वयक्त किया। अमित सिंघई एवं नवीन केशरी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए। आभार प्रदर्शन अशोक भगेरिया ने किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम समापन हुआ ।

---

# 165 किलोग्राम महुआ लाहन सहित 2 लीटर अवैध मदिरा जप्त

## अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी



**कटनी,यशभारत।** जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण रोकथाम हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश परर रोजाना अभियान चलाया जाकर दबिश दी जाकर जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को आबकारी वृत्त बड़वारा के ग्राम बछरवारा, भादावर, मदारी टोला, पठारा, झिंझरी, अमाडी, बडवारा खुर्द में ममता अहिरवार सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में दबिश दी गई। इस दौरान आबकारी की टीम बी द्वारा 165 किलोग्राम महुआ लाहन, 2 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा एवं 5 पाव प्लेन मदिरा के जप्त किये गए तथा मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 17 हजार 500 रूपये है। अभियान के दौरान 4 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। दबिश के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मोना दुबे, अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, देवेन्द्र प्यासी, सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।




# रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

**कटनी,यशभारत।** पुरानी पेंशन योजना बहाली हेतु WCRMS के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय और अशोक शर्मा महामंत्री के मार्गदर्शन में जबलपुर मंडल से सैकड़ों की संख्या में एस एन शुक्ल मंडल अध्यक्षए डीपी अग्रवाल मंडल सचिव के नेतृत्व में रेल कर्मचारी 10 अगस्त को नई दिल्ली में रामलीला मैदान में आयोजित विरोध प्रदर्शन के बाद NJCAके आह्वान पर WCRMS जबलपुर मंडल द्वारा ROH एनकेजे में NPS के विरोध मे विशाल द्वार सभा का आयोजन किया गया जिसमे भरी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। सभी कर्मचारियों में NPS को लेकर आक्रोश देखने को मिला और अपनी आवाज बुलंद कर हुंकार भरी और कहा एक ही आवाज और एक ही नारा पुरानी पेंशन हक है हमारा, इस अवसर पर एस एन शुक्ल मण्डल अध्यक्ष WCRMS ने कहा की NPS धोखा है बाहर करो मौका है NPS go back जैसे नारों के साथ। जबलपुर मंडल से एसएन शुक्ल मंडल अध्यक्षए केसी रजक, अशोक कुमार पाठक, मिलिंद कुमार, महेंद्र कुमार, शिव शंकर पांडेय, नवनेश जौहर सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कलचुरी हैहय क्षत्रिय महिला मंडल के हरियाली तीज कार्यक्रम में ग्रुप डांस का उठाया आनंद

**कटनी, यशभारत।** कलचुरी हैहय क्षत्रिय महिला मंडल ने के द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट समीप स्थित एक होटल में भगवान लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर आराध्य देव सहस्त्रबाहु की भी पूजा अ र्चना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष इंदिरा राय के नि र्देशन में हुआ। लहंगा, चुनरी, साड़ी की थीम रखी गई। मुख्य अतिथि महापौर प्रीति सूरी रहीं। हरियाली तीज के अवसर पर ग्रुप के द्वारा ग्रुप ड ांस, बच्चों के डांस, राधा- कृष्ण की झांकी, मस्ती भरा तंबोला गेम आयोजित किया गया। इसके अलावा ढोल के साथ ग्रुप डांस का भी आयोजन कि या गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के बाद महिला मं डल की अध्यक्ष का चुनाव आयोजित किया गया। इस दौरान नई महिला मंडल अध्यक्ष दीपशिखा चुनी गई। इस दौरान इंदिरा राय, शोभा राय, रानू जायसवाल, का ंति जयसवाल, दीपशिखा शिवहरे, प्रतीक्षा जयसवाल, प्रीति राय देवी राय पूनम जयसवाल, माधुरी, अनीता जयसवाल, जमुना राय, आ शा, रेखा, स्मिता, प्रीति, रेनू, सीमा, कीर्ति सहित ब ड़ीसंख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। सभीमहिलाओं ने हरियाली तीज के कार्यक्रम लुत्फ उठाया। सभी पहुंची हरे परिधान में इस दौरान आयोजित याली तीज महोत्सव में ग्रुप की सभी महिला हरी वेश भूषा में पहुंची, जिन्हों पर्यावरण का संदेश दिया। एकजुटता के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने के लिए संकल्प भी लिया।



# गावस्कर ने किया KL Rahul का सपोर्ट बोले मिलना चाहिए रिकवरी का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने केएल राहुल को एशिया कप 2023 के लिए टीम में शामिल करने के फैसले का समर्थन किया है. राहुल को एक छोटा सी चोट है इसके बावजूद उन्हें एशिया कप की 17 सदस्यीय टीम में चुना गया है. राहुल काफी समय से चोट के चलते भारतीय टीम से बाहर हैं. आईपीएल के दौरान उनकी जांघ में चोट लग गई थी. इसके बाद नैशनल क्रिकेट अकादमी में वह रीहैब से गुजर रहे थे. सोमवार को जब एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम का ऐलान हुआ तो उस दौरान यह बात सामने आई कि इस खिलाड़ी को एक छोटी सी चोट है.

### पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे राहुल

मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि राहुल एशिया कप के कुछ शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं. एशिया कप की शुरुआत 30 अगस्त से हो रही है. भारत का पहला मैच 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के शहर कैंडी में होगा. अगरकर ने इशारा किया कि राहुल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे. अगकर ने साफ किया कि यह छोटी सी चोटी राहुल को जांघ में पहले लगी चोट से इतर है. लेकिन उन्होंने साफ किया कि मेडिकल टीम लगातार राहुल पर नजर बनाए हुए है. मेडिकल टीम को यकीन है कि राहुल जल्द ही फिट हो जाएंगे. एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने से पहले भारतीय टीम 24 अगस्त से बेंगुलरु में एक कैंप में भाग लेगी. संजू सैमसन को भारतीय टीम में बैकअप के तौर पर शामिल किया गया है.

### राहुल को मिलना चाहिए मौका- गावस्कर

गावस्कर ने इंडिया टुडे के साथ बातचीत में कहा, 'हम देखते हैं कि यह चोट कैसी है. टूर्नमेंट शुरू होने से पहले अभी 10 दिन का वक्त है. जहां तक भारत का सवाल है, तो हमारे पास 11 दिन हैं. एक निगल (छोटी सी चोट) से उबरने के लिए इतना वक्त काफी है. इसके बाद सितंबर के मध्य तक और मैच भी हैं. मुझे लगता है कि राहुल ने अतीत में भारतीय टीम के लिए जो किया है उसे देखते हुए उन्हें एक और मौका देना ही चाहिए. उन्हें रिकवर होने का अवसर मिलना चाहिए.'

## युजवेंद्र चहल को एशिया कप टीम में होना चाहिए था, पूर्व क्रिकेटर समर्थन में उतरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2023 के लिए सोमवार को टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया. भारतीय टीम में स्पिनर युजवेंद्र चहल को जगह नहीं दिया गया, जिसे लेकर सवाल उठ रहे हैं. चहल ने भी टीम इंडिया में जगह नहीं मिलने पर इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उनका दर्द छलका. चहल ने डूबे हुए सूरज के आगे उगते हुए सूरज का इमोजी लगाई और इशारा किया कि इस खराब समय के गुजरने के बाद सूरज उगेगा और वो भी शानदार वापसी करें. पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान भी युजवेंद्र चहल के समर्थन में उतरे हैं और उन्हें टीम में रखने की बात कही है.

### इरफान पठान ने लिखा, मैं अपनी टीम में चहल को रखता

इरफान पठान ने ट्वीट कर लिखा, चयनकर्ताओं के लिए चिंता की बात यह है कि लंबे समय से छुट्टी के बाद बुमराह और प्रसिद्ध की वापसी हो रही है. यह दो कारणों में से एक है कि आप टीम को एक अतिरिक्त गेंदबाज के साथ खेलते हुए देखेंगे जो बल्लेबाजी भी कर सकता है।

## तिलक वर्मा के आने से सूर्यकुमार यादव पर बनेगा दबाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने एशिया कप 2023 के लिए तिलक वर्मा को शामिल करना एक अच्छी रणनीति है. हेडन का मानना है कि वर्मा जैसे खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाजों पर दबाव डालते हैं. और साथ ही उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं. वर्मा ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था. इसके बाद 21 अगस्त को एशिया कप के लिए घोषित हुई भारतीय टीम में भी उन्हें जगह मिली है. 20 साल का यह बल्लेबाज एशिया कप में अपने वनडे करियर का आगाज कर सकता है.

### वेस्टइंडीज में वर्मा का प्रदर्शन रहा था शानदार

तिलक ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल सीरीज में बहुत शानदार खेल दिखाया था. उन्होंने पांच मैचों में 173 रन बनाए थे. सीरीज में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे.

### सूर्या नहीं कर पा रहे हैं वनडे में अच्छा प्रदर्शन

वहीं सूर्यकुमार यादव ने टी20 इंटरनैशनल करियर में दमदार खेल दिखाया है. पर वह 50 ओवर के खेल में अपने प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए हैं. यादव ने 26 वनडे इंटरनैशनल मैच खेले हैं और 24 पारियों में कुल 511 रन ही बनाए हैं. उनका बल्लेबाजी औसत 24.23 का रहा है.

### वर्मा के आने से सूर्या पर बनेगा दबाव

मैथ्यू हेडन ने कहा कि तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों पर दबाव पड़ेगा और वह अपने प्रदर्शन को लेकर सतर्क रहेंगे. ऑस्ट्रेलिया के इस महान बल्लेबाज ने कहा कि भारत ने टूर्नमेंट के लिए बहुत अच्छी टीम चुनी है.सीएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड सेरिमिनी, मुंबई में मैथ्यू हेडन कहा, 'हमने तिलक वर्मा की क्लास देखी है. यह इस सिर्फ इस वर्ल्ड कप ही नहीं बल्कि संभावित रूप से अगले वर्ल्ड के लिए भी अच्छी रणनीति है.'

### भारत के पास अच्छे कॉम्बिनेशन

हेडन ने कहा, 'भारत के लिए अच्छी बात यह है कि उनके पास एक-दो-तीन मजबूत कॉम्बिनेशन है. असल में यह ऑस्ट्रेलिया की तरह है. अगर आप उनके पिछेल चार-पांच महीने की टीम देखें, तो उनके पास अच्छा और मजबूत- जिसे हम इंजन रूम कहते हैं- नजर आता है. और उन्हें मिडल ऑर्डर में कुछ समस्याओं को सुलझाना है.' ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, 'अगर वे इस जगह को तिलक वर्मा जैसे युवा खिलाड़ी से भर सकते हैं तो इससे सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी पर दबाव बढ़ेगा. मुझे लगता है कि यह अच्छी रणनीति है. इससे हर किसी पर प्रदर्शन का दबाव बढ़ेगा. तो यह बुरा फैसला नहीं है. यह बहुत अच्छी टीम है.'

## 18 साल के प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के करूआना को दी करारी मात, फाइनल में कार्लसन से होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में टाईब्रेक में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना को 3.5-2.5 से हरा दिया. दो मैचों की क्लासिकल सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद 18 वर्षीय भारतीय प्रज्ञानानंदा ने बेहद रोमांचक टाईब्रेकर में अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर को पछाड़ दिया. प्रज्ञानानंदा विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले आनंद के बाद सिर्फ दूसरे भारतीय हैं. उन्होंने 2024 में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह बना ली है जिससे डिंग लिरेन के चैलेंजर का फैसला होगा. मंगलवार से होने वाले फाइनल में अब प्रज्ञानानंदा का मुकाबला पांच बार के चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से होगा जिन्होंने सेमीफाइनल में अजरबेजान के निजात अबासोव को 1.5-0.5 से शिकस्त दी. प्रज्ञानानंदा दिग्गज बॉकी फिशर और कार्लसन के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी है। प्रज्ञानानंदा ने फाइनल में जगह बनाने के बाद कहा, मुझे इस टूर्नामेंट में मैग्नस से खेलने की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी क्योंकि मैं उससे केवल फाइनल में ही खेल सकता था और मुझे फाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं थी। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा और देखूंगा कि क्या होता है।




# एशिया कप 2023 की तैयारी के लिए बेंगलुरु जाएंगे रोहित-विराट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2023 के लिए सोमवार को दिल्ली में भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई. टीम में चुने गए कुछ खिलाड़ी इस समय आयरलैंड दौरे पर तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रहे हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बाकी खिलाड़ी पांच दिवसीय तैयारी शिविर के लिए 23 अगस्त को बैंगलोर पहुंचने वाले हैं. रोहित और कोहली दोनों ब्रेक पर थे और इसलिए वे फिर से एक ग्रुप में शामिल होंगे. यह एक कंडीशनिंग कैंप होने की संभावना है जहां कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस पर भी बारीकी से नजर रखी जाएगी. 17 सदस्यीय एशिया कप की टीम में श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है. दोनों खिलाड़ी चोट के कारण इस साल भारत के कई मैचों में नहीं खेल पाए थे. स्क्वॉड में युवा तिलक वर्मा को भी जगह दी गई है. वनडे में साधारण प्रदर्शन के बावजूद टीम ने सूर्यकुमार यादव को भी मेन स्क्वॉड में बरकरार रखा गया है. रोहित शर्मा से मौजूदा भारतीय टीम में पार्ट टाइम गेंदबाजों की कमी के बारे में पूछा गया, जिस पर कप्तान ने मजेदार जवाब दिया. रोहित शर्मा ने कहा कि उम्मीद है कि वह और विराट कोहली विश्व कप में गेंदबाजी कर सकेंगे. हालांकि, रोहित ने यह टिप्पणी हल्के मूड में की. कप्तान रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, वह 2011 की टीम थी, उनके पास ऐसे लोग थे. आपके पास जो है, आपको उसी से काम चलाना होगा. हम उनको मौका दे रहे हैं. हम रातोरात कोई ऐसा व्यक्ति नहीं बना सकते जो गेंदबाजी कर सके. ये सभी लोग बल्लेबाज हैं और रन बना सकते हैं, इसीलिए टीम में हैं. लेकिन उम्मीद है कि शर्मा और कोहली विश्व कप में गेंदबाजी कर सकते हैं (हंसते हुए). एशिया कप 2023 के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम~ रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, विराट कोहली, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, रविंद्र जडेजा अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा.

## रंग संसार

## नहीं रहे हरियाणा के मशहूर गायक राजू पंजाबी, सपना चौधरी संग हिट थी जोड़ी



**मुंबई, एजेंसी।** हरियाणा के मशहूर गायक राजू पंजाबी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. राजू पंजाबी जिंदल अस्पताल में भर्ती थे. खबर है कि आज सुबह 4 बजे के आसपास उन्होंने दम तोड़ दिया. इससे हरियाणवी इंडस्ट्री भी पूरी सदमे में आ चुकी है. अचानक से हुई मृत्यु के कारण परिवार भी टूट कर बिखर चुका है. प्रदीप बुरा और पूजा हुड्डा ने इंडस्ट्री के साथ- साथ अपना निजी नुकसान बताया है क्योंकि राजू पंजाबी चढ़ता हुआ एक सितारा थे. बताया जा रहा है कि वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे, उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था. राजू पंजाबी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रावतसर में किया जाएगा.

### इन गानों से हुए थे मशहूर

राजू पंजाबी की उम्र 40 साल थी. वो पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे. राजू पीलिया से पीड़ित थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान उनकी तबियत में सुधार आया और उन्हें घर भेज दिया गया था, लेकिन फिर अचानक तबियत खराब होने पर उन्हें दोबारा एडमिट कराया गया था. बता दें राजू फिलहाल हिसार के आजादनगर में रहते थे, उनकी मौत की सूचना मिलते ही उनके रिश्तेदार और प्रशंसक हिसार पहुंचना शुरू हो गए है. बता दें राजू पंजाबी शादीशुदा है और उनकी तीन बेटियां है. वह हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में जाना पहचाना चेहरा थे. उनके गाने सॉलिड बॉडी, सैंडल, तू चीज लाजवाब, देसी- देसी जैसे चर्चित गाने गाए.

### सपना चौधरी संग हिट थी जोड़ी

आपको बता दें कि राजू पंजाबी हरियाणवी इंडस्ट्री के जाने माने चेहरे थे, उनके काफी गाने सुपर डुपर हिट थे. सपना चौधरी के साथ उनके कई गाने हिट थे. वहीं राजू पंजाबी हरियाणवी के बड़े कलाकारों में गिने जाते थे. देसी-देसी ना बोल्याकर गाने से राजू पंजाबी पूरे उत्तर भारत में फेमस हो गए थे. जू पंजाबी हरियाणा प्रान्त के मशहूर गायक एवं संगीत निर्माता थे. उनके द्वारा गाये गये हरियाणवी गानों को देश दुनियां में बड़े चाव से सुना और पसंद किया जाता थे.

### अंतिम गाना हुआ था 12 अगस्त को रिलीज

राजू पंजाबी का अंतिम गाना 12 अगस्त को रिलीज हुआ.हालांकि इस दौरान वह अस्पताल में ही एडमिट थे. अंतिम गाने के बोल, आपसे मिलके यारा हमको अच्छा लगा था. इस गाने को तैयार करने में दो साल का समय लगा.

## 90S में ही करोड़ों की फीस चार्ज करने लगे थे मेगास्टार चिरंजीवी, हॉलीवुड से भी आया ऑफर



**मुंबई, ईएमएस।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेगास्टार चिरंजीवी के फैन सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में हैं. आज यानी 22 अगस्त को चिरंजीवी अपना 68वां जन्मदिन मना रहे हैं. एक्टर को बर्थडे विश करने के लिए सोशल मीडिया पर फैंस के मैसेजों की बाढ़ आ गई है. चिरंजीवी ने साउथ के साथ-साथ कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है, वो उम्र के इस पड़ाव में भी अभिनय जगत में एक्टिव हैं. उन्होंने 1978 के नाटक 'प्रणाम खरीदु' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की. उनके स्टारडम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 90 के दशक में जहां एक्टर्स को लाखों में फीस मिलती थी, वहीं चिरंजीव करोड़ों में खेल रहे थे. 4 दशकों से अधिक के अपने एक्टिंग करियर में उन्होंने इंद्रा, गैंग लीडर, जगदेका वीरुडु अथिलोका सुंदरी, शंकर दादा एमबीबीएस, घराना मोगुडु जैसी कई यादगार फिल्में कीं. चिरंजीवी की पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक कई ऐसे अनसुने किस्से हैं, जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं. शायद ही आपको पता हो कि वो बचपन से ही अभिनेता बनना चाहते थे. अपने सपने को पूरा करने के लिए चिरंजीवी ने मद्रास फिल्म इंस्टीट्यूट से ट्रेनिंग ली. आपको जानकर हैरानी होगी कि चिरंजीवी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े अवॉर्ड ऑस्कर इवेंट में गेस्ट के तौर पर बुलाए जाने वाले पहले साउथ इंडियन एक्टर हैं. 1987 में, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने उन्हें इवेंट का हिस्सा बनने के लिए निमंत्रण भेजा. इसके अलावा, उनके 1990 के नाटक 'कोडामा सिम्हम' को अंग्रेजी में डब होने वाली पहली साउथ फिल्म होने का श्रेय दिया जाता है. चिरंजीवी को हॉलीवुड से भी ऑफर आ चुका है. उन्हें 1999 की एक हॉलीवुड फिल्म के लिए अप्रोच किया गया था।

### 1992 में एक फिल्म के लिए चार्ज किए थे इतने करोड़ रुपये

चिरंजीवी उन चुनिंदा एक्टर्स में से हैं, जिन्हें 90 के दशक में करोड़ों रुपये की फीस दी जाती थी. 1992 में उन्होंने अपनी फिल्म 'आपदबंधवुडु' के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपये फीस ली थी. ये पहली बार था जब किसी तेलुगु एक्टर को इतनी बड़ी फीस दी गई थी. इतना ही नहीं, चिरंजीवी की 1992 की फिल्म 'घराना मोगुडु' ने एक साल के भीतर 10 करोड़ रुपये से अधिक का कुल कलेक्शन किया, जिससे यह एक साल के भीतर इतनी बड़ी रकम इकट्ठा करने वाला इतिहास का पहला टॉलीवुड ड्रामा बन गया. इसके अलावा, चिरंजीवी इकलौते ऐसे एक्टर हैं, जिनके पास 100 दिनों की लगातार 32 तेलुगु फिल्में करने का रिकॉर्ड है, वह टॉलीवुड के इतिहास में एकमात्र एक्टर हैं जिनकी सिंगल, डबल और ट्रिपल रोल वाली फिल्में 100 दिनों तक सिनेमाघरों में चलती हैं.

## सामांथा रूथ प्रभु ने बताया न्यूयॉर्क का किस्सा, बोलीं- एक डरी हुई छोटी लड़की, जिसे कुछ नहीं पता था



**मुंबई, ईएमएस।** साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों सिल्वर स्क्रीन से दूर हैं. हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने न्यूयॉर्क दौरे का एक किस्सा शेयर किया है, जो फैंस के बीच काफी वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भावुक नोट शेयर करके बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 'द बिग एप्पल' से की थी. सामंथा ने इंस्टाग्राम पर न्यूयॉर्क में हो रहे स्वतंत्रता दिवस परेड से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की. एक्ट्रेस को रितु कुमार के शानदार आउटफिट में देखा जा सकता है. सामंथा रुथ प्रभु के अलावा न्यूयॉर्क परेड में एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडीस भी पहुंची थी, जन्होंने अपने हाथ से तिरंगा लहराया. सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें भी खूब वायरल हो रही है.

आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार, नोट में सामंथा ने बताया कि कैसे न्यूयॉर्क शहर उसके लिए बेहद खास है. वहां अपनी पहली फिल्म की शूटिंग से लेकर यहां सुर्खियां बटोरने तक, उन्होंने निश्चित रूप से एक लंबा सफर तय किया है. उन्होंने तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, ÷वो कहते हैं कि न्यूयॉर्क वह जगह है जहां सपने बनते हैं. मैंने अपने करियर की शुरूआत में पहली फिल्म की शूटिंग यहां की थीज एक डरी हुई छोटी लड़की, जिसे कुछ भी पता नहीं था कि वह इसे कैसे करेगीज लेकिन बड़े सपने देखने की हिम्मत रखती है! आज, 14 साल बाद.÷ वर्तमान में सामंथा ने एक्टिंग से ब्रेक लिया हुआ है. वह ऑटो-इम्यून बीमारी मायोसिटिस से पीड़ित हैं और अपने हेल्थ पर ध्यान दे रही हैं. विजय देवरकोंडा के साथ उनकी फिल्म 'कुशी' अगले महीने रिलीज होने के लिए तैयार है.

बता दें कि इन दिनों सामंथा, न्यूयॉर्क में अपनी छुट्टियां एंजॉय कर रही हैं. उन्होंने अपनी ट्रिप की झलक भी फैंस के साथ शेयर की है. फोटो में न्यूयॉर्क की ऊंची-ऊंची बिल्डिगों को देखा जा सकता है, एक फोटो में वो न्यूयॉर्क के स्टैच्यु ऑफ लिबर्टी की सैर का मजा लेती दिखीं. सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर उनकी फिटनेस की तस्वीरें भी देखने को मिल रही हैं. फोटो में देखा जा सकता है कि वो जिम में घंटों पसीना बहा रही हैं. वो अपनी अमेरिका ट्रिप पर भी वर्कआउट करना नहीं भूलीं।



» न्यूज गैलरी

## मुरम का अवैध परिवहन करते दो हाइवा जब्त

**कटनी, यशभारत।** शहर में मुरम का अवैध उत्खनन लगातार जारी है। खनन माफिया जेसीबी मशीनें लगाकर जगह-जगह खुदाई कर रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। मंगलवार शाम कुठला पुलिस ने ऐसे ही अवैध उत्खनन कर लाई जा रही मुरम से भरे दो हाइवा को जप्त करने की कार्रवाई की है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर चाका बायपास में मुरम से लोड दो हाइवा वाहनों को रोककर जांच की गई थी। वाहन चालक रामप्रसाद यादव व संदीप यादव के पास मुरम परिवहन संबंधित दस्तावेज टीपी न होने के कारण दोनों हाइवा को जप्त कर थाना परिसर में थाना करवाया गया है। वाहन क्रमांक एम.पी.20एचबी-5857 व एम.पी.20एचबी-6148 के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## जिला अस्पताल के गार्ड का अवैध वसूली का वीडियो वारयल

कटनी, यशभारत। जिला अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड का भी सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें शुभम नामक युवक प्राइवेट एंबुलेंस चालक से अवैध रुपयों की मांग कर रहा है। जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती होने वाले मरीज जब निजी अस्पताल या जबलपुर रिफर होते हैं तो सिक्योरिटी गार्ड निजी एंबुलेंस चालकों को बुलाते हैं। मरीज देने के बदले 500 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक की वसूली का आरोप लगा है। शुभम वारयल वीडियो में 700 रुपए की मांग कर रहा है। एक किसी सोनी से भी फोन पर बता कर रहा है, जिसका एंबुलेंस चालक कल्लू ने ऑडियो रिकॉर्ड किया है। इस मामले को लेकर सिक्योरिटी गार्ड संचालक कुलदीप मिश्रा ने कहा कि यदि किसी भी गार्ड पर अवैध वसूली करना पाया जाता है तो तत्काल हटाने की कार्रवाई करेंगे।

# ट्रेडिंग कंपनी खोलकर एक करोड़ से अधिक की ठगी

**15 प्रतिशत रिटर्न देने का दावा कर पिता-पुत्र ने लगाया निवेशकों को चूना**



### मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी अंतर्गत दद्दाधाम कॉलोनी निवासी पिता-पुत्र के द्वारा ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करवाने के नाम पर निवेशकों से एक करोड़ रुपए से अधिक की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। झिंझरी चौकी पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर मामले को जांच में लिया है और पूछताछ में जुट गई है। झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी महेन्द्र जायसवाल ने बताया कि दद्दाधाम कॉलोनी निवासी आरोपी विवेक बघेल ने ब्लू बर्ड्स इंडिया ग्लोबल ट्रेडिंग प्राइवेट कंपनी बनाई है। इस कंपनी में विवेक व उसका पिता जागवेन्द्र सिंह निवेशकों से निवेश करवाते थे। आरोपी विवेक द्वारा निवेशकों को कंपनी में निवेश करने पर जमा रकम पर 15 प्रतिशत प्रतिमाह रिटर्न देने का दावा करता था। आरोपी की बातों में निवेशक आ गए और तीन निवेशकों ने 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि कंपनी में इंवेस्ट कर दिया। इंवेस्ट की गई राशि पर जब निवेशकों ने 15 प्रतिशत रिटर्न मांगा तो आरोपी ने उन्हें राशि देने से मना कर दिया और कहा कि घाटा हो गया है। निवेशकों ने जमा की गई रकम मांगी तो उसे भी देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद निवेशकों ने चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई। आरोपी द्वारा मृदुल विश्वकर्मा से 56 लाख रुपए, विपुल विश्वकर्मा से 40 लाख रुपए व दद्दाधाम कॉलोनी निवासी अमूल्य पाठक से 7 लाख 50 हजार रुपए जमा करवाए गए थे। पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर पूछताछ की जा रही है।

### बढ़ सकती है निवेशकों की संख्या

एक जानकारी में बताया जा रहा है कि ठगी का यह मामला करीब 50 करोड़ तक पहुंच सकता है। पुलिस को अब तक सिर्फ 3 पीड़ित ही मिले हैं। जिनसे एक करोड़ से अधिक की राशि ठगी गई है। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि आरोपी की कंपनी में निवेश करने वाले बड़ी संख्या में लोग हैं।

### घर में कार्यालय खोलकर करते थे डील

कंपनी में निवेश करने वाले पीड़ितों ने बताया कि आरोपी ने अपने ही घर में ब्लू बर्ड्स इंडिया ग्लोबल ट्रेडिंग प्राइवेट कंपनी बनाकर कार्यालय खोल रखा था। विवेक निवेशकों से संपर्क करता था और पिता-पुत्र दोनों कार्यालय में बैठकर निवेशकों को लुभावने दावे व वादे करते थे। बताया जा रहा है कि दद्दाधाम कॉलोनी में ही दर्जनभर से अधिक लोगों ने कंपनी में निवेश किया है।

## कटनी पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय



**कटनी,यशभारत।** कटनी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का आज शाम कटनी में अल्प प्रवास हुआ। रीवा से सड़क मार्ग द्वारा जबलपुर जाते हुए राष्ट्रीय महासचिव श्री विजयवर्गीय के कटनी अल्प प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के पदाधिकारी ने उनका गर्भ जोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से भेंट करते हुए राष्ट्रीय महासचिव श्री विजयवर्गीय ने इस दौरान संगठनात्मक जानकारी ली। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायलए जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, मन की बात के जिला प्रभारी रवि खरे सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। गौरतलब है कि श्री विजयवर्गीय आज रीवा में विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करके वापस लौट रहे थे रीवा से सड़क मार्ग द्वारा जबलपुर पहुंचने के बाद वह वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## दीवार गिरने से बच्चे की मौत

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरा में दीवार गिरने से आई चोट के कारण मासूम बच्चे की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुदरा निवासी 6 वर्षीय अशोक पिता करण भूमिया 3 अगस्त को दीवार गिरने से आई चोट के कारण घायल हो गया था। इसमें बच्चे की मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



# जनमत संग्रह में उत्साह दिखा रहे विजयराघवगढ़ के मतदाता

**280 बूथों पर महिलाओं, बुजुर्गो और युवाओं ने पेटी में बंद कराई अपनी पसंद**

### गांव-गांव पहुंचकर विधायक संजय पाठक ने मांगा आशीर्वाद



**कटनी,यशभारत।** आज लोकतंत्र व्यवस्था के इतिहास में पहली बार कटनी जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा में अनौखा जनादेश प्राप्त करने का कार्य पूर्ण रूप से प्रारंभ हुआ। जिसमें विधानसभा की सभी 280 पोलिंगों में मतपेटी और मतपत्रों के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं ने विधायक संजय पाठक द्वारा कराये जा रहें जनादेश के तहत संजय पाठक आगामी चुनाव लड़ें या न लड़ें पर अपना हां और नही पर टिक लगाते हुए वोट डाला। आज दिन भर क्षेत्र के विधायक संजय पाठक ने सम्पूर्ण क्षेत्र के गांव-गांव जाकर मतदाताओं से संवाद करते हुए विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं का ब्यौरा रखा उन्होंने संवाद के दौरान कहा कि संपूर्ण विजयराघवगढ़ मेरा परिवार है। मैं अपना मूल्यांकन करना चाहता हूं कि मैं आपकी सेवा से आपका दिल जीता है यदि मैंने आपकी पूर्ण मनोयोग सेवा की है तो आपके दिए 50 प्रतिशत से अधिक जनादेश मिलने के बाद ही अगले चुनाव पार्टी से टिकट प्राप्त करते हुए आपके सामने सेवा के लिए आऊंगा और यदि 50 प्रतिशत से कम मत प्राप्त हुए तो मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। आप सभी के पास मत पेटी और मतपत्र आए हैं आप सभी पूर्ण पारदर्शिता के साथ वोट करें। आगामी 25 अगस्त के दोपहर 12 बजे तक मतदान गांव-गांव बूथ स्तर पर कार्यकर्ता कराते रहेगें। इस मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ता सोशल मीडिया और फेसबुक पर लाइव वोटिंग प्रसारण करेंगे जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता दिखे। इसके बाद परिणाम घोषित होगा।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)